www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 68 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
30 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:13
सूर्यास्त: 06:54
अधिकतम: 34:00
न्यूनतम: 26:00



पेज 07

विशेष समाचार | त्रिभाषा फार्मूला है भारत की ... » पेज 04 | बेमौसम बारिश का कहर... » पेज 06 | श्रद्धा का माइकल जैक्सन के ...




# 'एनटीए को यूपीएससी से सीखने की जरूरत'

## सुप्रीम कोर्ट बोला वहां कभी पेपर लीक नहीं होता, जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी

**सुनवाई**

■ सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपरलीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को NEET-UG पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) से सवाल किया कि UPSC तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। NTA को उनसे सीखने की जरूरत है। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से NEET-UG परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। NEET-UG री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं।

इससे पहले 25 मई को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने NTA को फटकार लगाई थी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने NTA को फटकारते हुए कहा था कि यह दुखद की बात है कि आपने (NTA) ने पहले हुए पेपर लीक मामले से कोई सबक नहीं लिया। » (शेष पेज 06 पर)




■ नीट पेपर लीक मामले में पिछले 20 दिनों से देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA), यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (UDF) और अन्य ने NTA को भंग करने के लिए याचिकाएं लगाई हैं।

### एससी का सवाल- सुधार के बावजूद नाकामी क्यों

सुप्रीम कोर्ट ने NTA को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में NEET पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। » (शेष पेज 06 पर)

### नीट से 1 लाख से ज्यादा मेडिकल कॉलेज में एडमिशन

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET) भारत में मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाली राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा है। इसकी शुरुआत 2013 में हुई थी। इस परीक्षा के माध्यम से देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में MBBS, BDS, आयुष (BAMS, BHMS) और नर्सिंग जैसे कोर्सेज में दाखिला मिलता है, जिसमें AIIMS और JIPMER जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। भी देश में लगभग 1 लाख से अधिक MBBS और 27000 से अधिक BDS सीटें हैं।

### नीट पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार, 21 जून को परीक्षा

NEET-UG परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। NTA के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 15 मई को शिक्षा मंत्रालय और NTA ने NEET री-एग्जाम की तारीख 21 मई को होने का ऐलान किया। इस मामले की जांच CBI कर रही है। अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### NEET-UG 2026 पेपर लीक


**अब तक 13 आरोपी गिरफ्तार**


**मनीषा हवलदार**
पेशा- फिजिक्स टीचर, पुणे
आरोप- एग्जाम से पहले फिजिक्स के पेपर लीक किए।


**शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर**
पेशा- संचालक, रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस
आरोप- गैंग के साथ मिलकर लीक पेपर कैंडिडेट्स और अन्य लोगों को उपलब्ध कराया।


**मनीषा गुरुनाथ मंधारे**
पेशा- बायोलॉजी लेक्चरर, महाराष्ट्र
आरोप- कोचिंग क्लास में छात्रों को लीक सवाल और उनके जवाब लिखवाए।


**पीवी कुलकर्णी**
पेशा- केमेस्ट्री प्रोफेसर, महाराष्ट्र
आरोप- परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके जवाब बताए थे।


**मनीषा वाघमारे**
पेशा- ब्यूटीशियन, महाराष्ट्र
आरोप- छात्रों को रैकेट से जोड़कर उन्हें कोचिंग तक पहुंचाती थी।।


**धनंजय लोखंडे**
पेशा- दलाल, महाराष्ट्र
आरोप- मनीषा वाघमारे से पेपर लेकर कई लोगों से सौदा किया।


**शुभम खैरनार**
पेशा- दलाल, महाराष्ट्र
आरोप- लोखंडे से पेपर लेकर टेलीग्राम पर सवालों की PDF बनाई।


**यश यादव**
पेशा- दलाल, हरियाणा
आरोप- शुभम को 15 लाख रुपए दिए और PDF हासिल किया।


**मांगीलाल बिंवाल**
पेशा- दलाल, राजस्थान
आरोप- शुभम से NEET पेपर के लिए 45 लाख रुपए में डील की थी।


**दिनेश बिंवाल**
पेशा- राजनीति, राजस्थान
आरोप- मांगीलाल का भाई है। उसके साथ पेपर लीक रैकेट का हिस्सा था।


**विकास बिंवाल**
पेशा- MBBS छात्र, राजस्थान
आरोप-मांगीलाल का बेटा है। पिता के साथ नेटवर्क का हिस्सा था।


**डॉक्टर मनोज शिरूरे**
पेशा- डॉक्टर
आरोप- छात्रों को केमिस्ट्री के क्वेश्चन पेपर दिलाए।


**हर्षदकुमार शाह**
पेशा- पुणे में कोचिंग फैकल्टी
आरोप- आरोपी मनीषा हवलदार से फिजिक्स के पेपर लिए।

## यूपी के 1.86 लाख शिक्षकों की नौकरी पर खतरा टला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के लिए TET (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करने की समय सीमा एक साल बढ़ा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी क्वालिफाई करना होगा। पहले इसकी अंतिम तारीख 31 अगस्त 2027 तय थी।

जस्टिस दीपांकर दत्ता की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच ने यह फैसला कई रिवीजन पिटीशन पर सुनवाई के बाद दिया है। हालांकि अदालत ने उन पिटीशन को फिर से खारिज कर दिया है, जिसमें 2009 से पहले नियुक्त हुए सभी टीचर्स को अनिवार्य टीईटी के दायरे से बाहर रखने की मांग की गई थी। अदालत ने कहा, देश में काम कर रहे सभी टीचर्स को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी पास करना ही होगा। ऐसे में टीईटी अनिवार्यता मामले में यूपी के 1.86 लाख शिक्षकों की नौकरी पर खतरा अभी भी कायम है।

# आजम खान के बेटे अब्दुल्ला की सात साल की सजा रद्द

## दो पासपोर्ट मामले में सेशन कोर्ट से राहत

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी



■ आकाश सक्सेना ने दर्ज कराया था केस

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान अभी जेल में बंद है. पर अब्दुल्ला के लिए एक अच्छी खबर आई है. MP/MLA सेशन कोर्ट ने दो पासपोर्ट मामले में सुनाई गई 7 साल की सजा को रद्द कर दिया है. अब सवाल उठ रहा है कि क्या अब्दुल्ला जेल से बाहर आएंगे। वैसे भला ही अब्दुल्ला आजम खान को कोर्ट से दो पासपोर्ट मामले में राहत मिल गई हो, लेकिन जेल से बाहर आने का रास्ता साफ नहीं हुआ है. दरअसल, कुछ ऐसे मामले जो कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं जिसमें अभी सुनवाई जारी है. गौरतलब है, दो पासपोर्ट मामले में MP/MLA मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 5 दिसंबर 2025 को अब्दुल्ला आज़म को 7 साल की सजा सुनाई थी. इस फैसले के खिलाफ अब्दुल्ला आज़म की ओर से MP/MLA सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की गई थी, जिस पर 25 मई को बहस पूरी हो चुकी थी। » (शेष पेज 06 पर)

# यूपी में निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने से 6 लोगों की हुई मौत

## अफसर बोले- आंधी-बारिश के चलते हादसा, 3 मजदूरों को बचाया गया

**दर्दनाक**

तमसा संकेत, एजेंसी

हमीरपुर । यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने दैनिक भास्कर को बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। » (शेष पेज 06 पर)





### सहायक अभियंता निलंबित, डीपीएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश

यूपी ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया- मामले में प्रथम दृष्टया सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित किया है। डीपीएम दिलीप कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में विभागीय जांच के लिए कमेटी गठित की है। जांच कमेटी में संयुक्त प्रबंध निदेशक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (डिजाइन) और मुख्य परियोजना प्रबंधक, कानपुर शामिल हैं।

**फास्ट न्यूज**

### राहुल ने दिल्ली में ऑटो ड्राइवरों के साथ खाना खाया

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट में बने टोडरमल पार्क में ऑटोरिक्शा ड्राइवर्स के बीच पहुंचे। जहां उन्होंने ऑटोचालकों से बात की। राहुल उनका यूनिफॉर्म पहने भी नजर आए।

चर्चा | निर्णय

### पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ी

नई दिल्ली। ऋषभ पंत ने IPL फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ दी है। फ्रेंचाइजी ने बताया कि पंत ने खुद कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। लखनऊ की टीम इस सीजन में 10वें और आखिरी स्थान पर रही।

इस बीच, हार्दिक पंड्या ने मुंबई इंडियंस छोड़ने की चर्चा चल रही है। न्यूज एजेंसी PTI ने IPL सूत्रों के हवाले से बताया कि पांड्या ने इसकी जानकारी टीम के प्लेऑफ की रेस से बाहर होते ही मैनेजमेंट को दे दी थी। उन्होंने सीनियर खिलाड़ियों से मतभेद को फैसले की वजह बताया था।

### मौसम विभाग की चेतावनी- जून-जुलाई में भी हीटवेव चलेगी

नई दिल्ली । देश में मानसून की एंट्री लेट हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका है और अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं।

# माफिया खुली जीप से हिंदू को धमका नहीं सकता : योगी

## गुंडों के सामने नाक रगड़ती थी सपा, मऊ दंगे में एके-47 लेकर घूमा था मुख्तार

**भाषण**

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ। सीएम योगी ने सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- अब कोई माफिया खुली जीप से हिंदुओं को धमका नहीं सकता। न ही पिस्तौल लहरा सकता है। सपा सरकार गुंडों के सामने नाक रगड़ती थी। योगी ने मऊ में हुए दंगों का जिक्र भी किया।

दरअसल, मऊ में साल 2005 में हुए दंगे से जुड़ा मुख्तार अंसारी का एक वीडियो सामने आया था। इसमें वो खुली जिप्सी में AK-47 लिए घूमता दिखा था। » (शेष 06 पर)






योगी ने कहा- पहले गरीब के लिए कुछ भी सुविधा नहीं थी। आपने 2014 में देश की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथ में सौंपी थी। पिछले 12 साल में आपने बदलते हुए भारत को देखा है। मोदी जी कहते हैं हमारे लिए सिर्फ 4 जातियां हैं।

### मऊ को 21 साल पहले जलाने की कोशिश हुई

योगी ने कहा- जो लोग यहां 30-35 साल से बड़े होंगे, उन्हें याद होगा कि 2005 में 21 साल पहले इसी मऊ को जलाने का कुत्सित प्रयास हुआ था। कैसे सत्ता के माफिया एक उत्सव भरे आस्था के केंद्र रामलीला आयोजन में व्यवधान पैदा करके निर्दोषों पर अत्याचार कर रहे थे। » (शेष पेज 06 पर)

## पंजाब निकाय चुनाव नतीजे : 4 नगर निगम में आप, 2 बीजेपी, 1 कांग्रेस जीती

# 'आप' की बल्ले-बल्ले

**दबदबा**

- आप ने पंजाब नगर निगम में 151 सीटें जीतीं
- नगर पंचायत में आम आदमी पार्टी को 105 सीटें मिलीं
- नगर कौंसिल में आप ने 630 सीटों पर कब्जा किया

तमसा संकेत, एजेंसी



मोहाली/बठिंडा/पठानकोट/बरनाला/मोगा। पंजाब में 8 नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों और 20 नगर पंचायतों के चुनाव में आम आदमी पार्टी (AAP) का दबदबा दिखा है। सुबह 8 बजे से हो रही मतगणना में 951 वार्डों में AAP जीत चुकी है। कांग्रेस दूसरे और आजाद उम्मीदवार तीसरे नंबर पर हैं। बंगाल के बाद 2027 में पंजाब को जीतने की बारी की बात कहने वाली भाजपा सबसे पीछे है। कमबैक के दावे वाला अकाली दल भी चौथे नंबर पर है। अब तक 8 नगर निगमों में से 7 के नतीजे आ चुके हैं- इसमें कपूरथला में कांग्रेस, अबोहर, पठानकोट में BJP को बहुमत मिला है। जबकि बठिंडा, मोगा, बरनाला और बटाला में AAP ने जीत दर्ज की है। वहीं अब सिर्फ मोहाली के नतीजे आने बाकी हैं। » (शेष पेज 06 पर)

### बटाला में आप विधायक का भाई चुनाव हारा

बटाला नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के विधायक और वाइस प्रेसिडेंट शैरी कलसी के भाई अमृत कलसी चुनाव हार गए हैं। वार्ड नंबर-35 में कांग्रेस उम्मीदवार शशि चंदा ने उन्हें हराकर जीत दर्ज की।

### विधानसभा स्पीकर संधवां की सास बनीं पार्षद

बठिंडा नगर निगम के वार्ड नंबर-5 से हरबंस कौर ने जीत दर्ज की है। वह विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां की सास हैं। इस मौके पर हरबंस कौर ने कहा कि उनकी जीत में उनके दामाद का पूरा सहयोग रहा। उन्होंने कहा- जब भी हमने उन्हें बुलाया, वे तुरंत पहुंच गए।

उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने खुद डोर-टू-डोर कैंपेन चलाया। अब वे आम आदमी क्लीनिक को शुरू करवाने और इलाके में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करवाने की दिशा में काम करेंगी।

## जलभराव : वार्ड नंबर 11 उसरहवा (गांधीनगर) में घरों तक घुसा पानी

# अकबरपुर में बारिश से जनजीवन प्रभावित

■ स्थानीय लोगों के अनुसार, उसरहवा गली की नालियां काफी छोटी और कई जगह जाम रहती हैं। बारिश के समय पानी का दबाव बढ़ते ही नालियां ओवरफ्लो कर जाती हैं और पानी सीधा घरों की ओर लौट आता है।

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले के अकबरपुर नगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब दो घंटे हुई तेज बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश थमने के बाद भी सड़कों और गलियों में पानी भरा रहा। मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी बस्तियों तक आवागमन प्रभावित हुआ और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मीरानपुर, गांधीनगर, शहजादपुर, लोरपुर और सिझौली क्षेत्रों में पानी का दबाव अधिक देखने को मिला। कई जगह सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो गईं। » (शेष पेज 06 पर)





### गलियों में घुटनों तक पानी, लोग घरों में कैद

उसरहवा गली में जलभराव के कारण गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। पैदल निकलना मुश्किल हो गया और कई लोग अपने घरों में ही रुकने को मजबूर रहे। बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। छोटे रास्तों और संकरी गलियों में पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए और लोगों को धक्का देकर निकालना पड़ा।

### घरों में पानी घुसने से हुआ नुकसान

पानी घरों में घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों में फर्नीचर, बिस्तर, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान पानी की चपेट में आ गए। फर्श पर कई घंटों तक पानी भरा रहने से दीवारों और फर्श को भी नुकसान पहुंचने की स्थिति बनी रही। रसोई में रखा अनाज, गैस सिलेंडर के आसपास पानी पहुंचने से घरेलू कामकाज पूरी तरह बाधित हो गया। लोगों का कहना है कि पानी निकलने के बाद भी कीचड़ और गंदगी घरों में जमा रह जाती है, जिसे साफ करने में कई दिन लग जाते हैं। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

### मौसम का मिजाज बदला, आंधी-बारिश का अलर्ट


नई दिल्ली। देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक तरफ उत्तर भारत भीषण गर्मी और लू से जूझ रहा है, वहीं दूसरी तरफ कई राज्यों में तेज आंधी, भारी बारिश और गरज-चमक ने लोगों को राहत भी दी है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है और अगले दो से तीन दिनों में अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में पहुंच सकता है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और दक्षिण बंगाल के कई जिलों में शुक्रवार को तेज तूफान और भारी बारिश ने मौसम पूरी तरह बदल दिया। कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन का गिरा टिन शेड

## टीटीई समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी



■ हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंची, फिर रुकवाई

लखनऊ । लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-5 का टिन शेड शुक्रवार सुबह 8 बजे गिर गया। हादसे में टीटीई और 2 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। RPF रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्लेटफॉर्म पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस (13037) पहुंच गई थी, जिसे बाद में रुकवा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर क्रेन मंगवाई, जिससे टिन शेड का नीचे गिर चुका हिस्सा बाहर निकाला जा रहा है। DRM सुनील कुमार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि स्टेशन का रेनोवेशन चल रहा है। जिन पिलर्स के सहारे और रेलिंग से टिन शेड कसा था, उसे कुछ जगहों से खोल दिया गया था। इस वजह से प्लेटफॉर्म नंबर- 5 के टिन शेड का सपोर्ट कमजोर हो गया था। इसके चलते टिनशेड गिर गया। » (शेष पेज 06 पर)

## बरेली में बीएसए ने जारी किया आदेश ■ टीचर बोले- कल गोबर भी उठवाएंगे

# यूपी के सरकारी शिक्षक अब 100 क्विंटल भूसा जुटाएंगे

**जिम्मेदारी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बरेली । बरेली में बेसिक शिक्षा विभाग के एक नए आदेश से शिक्षकों में गुस्सा है। वर्तमान में जनगणना का काम कर रहे शिक्षक अब बेसहारा गोवंश के लिए भरण-पोषण के लिए भूसे का इंतजाम करेंगे। हर स्कूल को 46 किलो और हर खंड को कुल 100 क्विंटल भूसा जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। भूसा खंड विकास अधिकारी या पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में जमा कराना होगा।



■ प्रत्येक विद्यालय को 46 किलोग्राम भूसा जमा करना होगा।

**डीएम अविनाश सिंह ने कहा, उम्र बढ़ने के साथ जो गोवंश बीमार और बूढ़े हो जाते हैं, उनकी देखभाल के लिए पशु चिकित्सकों और जिला स्तरीय टीम की निगरानी में लगातार काम किया जा रहा है।**

डीएम अविनाश सिंह ने बताया, प्रदेश में बेसहारा गोवंश को अस्थायी और स्थायी गौशालाओं में रखकर उनकी देखभाल की जा रही है। जो गोवंश खुले में घूमते हैं, उन्हें भी लगातार गौशालाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से नई गौशालाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार गौशालाओं में भूसा दान करने की अपील की। कहा, प्रशासन की ओर से हर ब्लॉक में भूसा बैंक बनाया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर गोवंश के लिए चारे की कमी न हो। गौशालाओं में हरा चारा और भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चारागाह विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही किसानों से हरा चारा खरीदने की व्यवस्था भी की गई है, ताकि गोवंश के भरण-पोषण में किसी तरह की परेशानी न आए। सरकारी अधिकारियों से भी स्वेच्छा से एक-एक गोवंश गोद लेने की अपील की, ताकि उन्हें बेहतर संरक्षण मिल सके।

### चेतावनी- काम में लापरवाही पर सख्त एक्शन होगा

बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) ने डीएम के आदेश का हवाला देते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (BEO) को इस काम में जुट जाने के लिए कहा है। लेटर में साफ कहा गया है कि नियम का उल्लंघन करने वाले स्कूलों और शिक्षकों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम का कहना है कि उन्हें इस आदेश की जानकारी नहीं है। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन हर स्तर पर प्रयास कर रहा है। वहीं, शिक्षकों में इस नए आदेश को लेकर गुस्सा है। शिक्षकों ने कहा,वर्क-लोड अधिक होने के कारण शिक्षक पहले से तनाव में हैं। अब ऊपर से ऐसे गैर-व्यावहारिक आदेश उन्हें और अधिक पीड़ित कर रहे हैं। आज भूसा देने का दबाव डाल रहे हैं, कल गोबर उठाने का आदेश दे देंगे।




■ डीएम अविनाश सिंह ने सरकारी अधिकारियों से भी स्वेच्छा से एक-एक गोवंश गोद लेने की अपील की।

### शिक्षकों को भूसे खरीद की रसीद भी जमा करनी होगी

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लेटर जारी होने के बाद नवाबगंज, भोजीपुरा और भुता क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर से निर्देश जारी किए। 22 मई को नवाब के खंड शिक्षा अधिकारी की तरफ से जारी हुआ लेटर सोशल मीडिया पर वायरल है। आदेश की कॉपी बीएसए और पशु चिकित्सा अधिकारी को भी भेजी गई है।

# नाबालिग लड़की से गैंगरेप का आरोपी दरोगा गिरफ्तार

## कानपुर में 144 दिन बाद पकड़ा गया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में नाबालिग लड़की से गैंगरेप का आरोपी दरोगा अमित कुमार मौर्या गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को उसे पकड़ने में 144 दिन लग गए। दरोगा पर 50 हजार रुपए का इनाम था। वह भीमसेन चौकी में तैनात था। सचेंडी की रहने वाली 14 साल की पीड़िता ने बताया था कि दरोगा अमित ने यूट्यूबर शिवबरन सिंह के साथ मिलकर उसका गैंगरेप किया।

पीड़िता के मुताबिक, वह 5 जनवरी की रात करीब 9.30 बजे शौच के लिए घर से बाहर गई थी। तभी दरोगा अमित कुमार मौर्या और शिवबरन यादव ने करीब 45 मिनट तक उसके साथ दरिंदगी की। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। घटना सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने दरोगा अमित कुमार मौर्या को सस्पेंड कर उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच समेत चार टीमें लगातार दबिश दे रही थीं, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हेडक्वार्टर संकल्प शर्मा ने बताया- आज 29 मई को सचेंडी पुलिस ने आरोपी दरोगा अमित कुमार मौर्या को सचेंडी से ग्राम सोना की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया।




**■ आरोपी दरोगा के खिलाफ 500 पेज की चार्जशीट**

**फास्ट न्यूज**

### प्रयागराज में 1500 छात्रों का प्रदर्शन

प्रयागराज । प्रयागराज में में प्रतियोगी छात्रों ने पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतरे और कैंडल मार्च निकालकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्र अपने मोबाइल का फ्लैश टॉर्च जला करके विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों ने कहा- आज कॉकरोच प्रयागराज की सड़कों पर है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दे, उनके कार्यकाल में ज्यादा धांधली हो रही है।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में क्षत्रिय व एससी नेता आगे

गोरखपुर। लंबे समय से लंबित रहे गोरखपुर महानगर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हो चुकी है। अब सबकी निगाहें प्रदेश टीम और क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर टिक गई हैं। माना जा रहा है कि क्षेत्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा पहले होगी। इस पद की दौड़ में कई कद्दावर नेता लगे हैं लेकिन चर्चा है कि क्षत्रिय और अनुसूचित जाति (SC) नेता आगे हैं। इन्हीं में दो जातियों में से क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने की चर्चा है। इसमें कई पुराने और चर्चित चेहरे हैं। कुछ ऐसे नेता भी हैं जो एक बार फिर इस पद पर आसीन होने के लिए अंदरखाने समीकरण दुरुस्त करने में जुटे हैं।

### प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

प्रयागराज। प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर को हंडिया थाना क्षेत्र के भेस्की गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज की ओर जा रही एक कार को वाराणसी की तरफ से आ रही सरकारी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार कई बार घूमते हुए लगभग 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी।

# प्रो० कृष्ण कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर पी०जी० कॉलेज, रामनगर के शिक्षा संकाय (बी०एड०) में शुक्रवार को भावुक माहौल के बीच संस्थापक विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। आगामी 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त होने जा रहे प्रो० सिंह को महाविद्यालय परिवार ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान प्रो० कृष्ण कुमार सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रो० सिंह के लगभग 30 वर्षों के शैक्षिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने



वर्ष 1996 से लेकर 2026 तक महाविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा संकाय ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया तथा उनके द्वारा पढ़ाए गए अनेक छात्र आज विभिन्न सरकारी सेवाओं, शिक्षण संस्थानों एवं प्रशासनिक पदों पर कार्यरत होकर समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो० सुनीत कुमार सिंह ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि प्रो० कृष्ण कुमार सिंह का व्यक्तित्व अत्यंत प्रभावशाली, सरल एवं छात्र हितैषी रहा है। उन्होंने सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया।

## 2 पर्यटकों की मौत, बाइकें मिट्‌टी में दबीं, यूपी के आसमान में दिखा दुर्लभ नजारा

# तूफानी बारिश : 10 गाड़ियां बहीं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में आंधी-तूफान और तेज बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। शुक्रवार तड़के सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। बाइक मलबे में दब गईं। 2 पर्यटकों की मौत हो गई। मौके पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

इस बीच, संतकबीरनगर में आसमान में दुर्लभ नजारा देखने को मिला। सुबह करीब 11.30 बजे सूर्य के चारों ओर एक बड़ा गोलाकार घेरा दिखाई दिया। लाल-नीले रंग की रिंग देखकर लोग हैरान रह गए। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिंग हमेशा आधी या तूफान से पहले या बाद में दिखाई देती है।




### देवरिया में बारिश, सलेमपुर तहसील परिसर में पानी भरा

देवरिया के सलेमपुर में मूसलाधार बारिश से तहसील परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया। जिससे फरियादियों, अधिवक्ताओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्गों, कार्यालयों के सामने और पार्किंग क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई। जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण पानी लंबे समय तक जमा रहा।

> **बारिश-आंधी से हुए नुकसान पर सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। अधिकारियों को फील्ड में उतरने को कहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में तूफान की चेतावनी जारी की है। 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।**

### बलिया में बिजली गिरने से रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी की मौत

बलिया के हल्दी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 10 बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आकर रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी इंद्रजीत यादव (75) की मौत हो गई। वह अपने खेत में मजदूरों से मक्का तुड़वा रहे थे, तभी अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। मौसम बिगड़ता देख इंद्रजीत मजदूरों के साथ पास के एक बागीचे में आ गए, लेकिन तभी तेज आवाज के साथ वहां आकाशीय बिजली गिर गई और वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। मजदूरों के शोर मचाने पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### चित्रकूट में आंधी बारिश से 500 तोतों की मौत

चित्रकूट में गुरुवार देर रात 60 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आए भीषण आंधी-तूफान के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। मानिकपुर आदर्श रेलवे कॉलोनी स्थित भोलेनाथ मंदिर के समीप एक बड़े पेड़ की डाल टूट गई, जिससे उस पर बैठे लगभग 500 तोतों की मौत हो गई। इस घटना में करीब 200 से ज्यादा तोते घायल हो गए।

## युवक-युवतियों ने सामाजिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया

# वीर सावरकर ने जिया संघर्षशील जीवन युवा ले प्रेरणा : रश्मि शबनम







**कार्यक्रम के दौरान युवक-युवतियों ने सामाजिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। युवाओं को खेलकूद गतिविधियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा विकसित भारत अभियान सहित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया।**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। विकासखंड सूरतगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत चंद्रसिहाली स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को वीर सावरकर की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और संगठनात्मक भावना जागृत करने का माध्यम बना। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जहां उन्हें गांव और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद उपस्थित युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 22 मई से 28 मई तक सूरतगंज ब्लॉक की 35 ग्राम पंचायतों में महिला एवं पुरुष युवा मंडलों के गठन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कराया गया। जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता ने कहा कि गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। यदि युवा संगठित होकर कार्य करें तो शिक्षा, स्वच्छता, खेलकूद, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता जैसे अभियानों को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवा मंडल ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बदलाव के मजबूत केंद्र बनेंगे तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल

## दो दिन पहले घर से निकल गए थे, लड़की के भाई ने अपहरण का केस कराया था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर। बुलंदशहर में लड़का और लड़की के शव पेड़ पर एक साथ एक ही फंदे से लटके मिले हैं। लड़की नाबालिग है और हाईस्कूल में पढ़ाई कर रही थी। दोनों 27 मई से अपने घरों से लापता हो गए थे तभी से घर वाले तलाश कर रहे थे।

लड़की के भाई ने लड़के के खिलाफ बहलाकर ले जाने की शिकायत की थी, जिस पर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाया और घर वालों को जानकारी दी। मामला जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर डिबाई थाना क्षेत्र का है।

गंगापुर गांव के रहने वाले रोहित कुमार एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। बेटी नंदनी (15) हाईस्कूल में पढ़ाई कर रही थी। घर से 100 मीटर की दूरी पर ही गगन लोधी (21) का परिवार रहता है। गगन के पिता वीर सिंह की मौत हो चुकी है। चार भाई और दो बहनों में गगन सबसे छोटा था।






### लड़की के भाई ने दर्ज कराई थी शिकायत

दो दिन पहले अचानक गगन और नंदनी अपने-अपने घरों से लापता हो गए थे। लड़की के भाई कपिल कुमार ने डिबाई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गगन उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया है। डिबाई थाने में बीएनएस की धारा 137/2 अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था और SI चंद्रपाल सिंह मामले की जांच कर रहे थे। आज सुबह नरौरा थाना क्षेत्र के पिलखना गांव की सीमा में नहर बंबा के पास पेड़ से लटके दो शव दिखे। गांव वालों ने शव देखे तो पुलिस को मामले की जानकारी दी। नरौरा थाना प्रभारी भुनेश कुमार, सीओ मधुप कुमार सिंह, डिबाई कोतवाली प्रभारी विशाल प्रताप सिंह चौहान, रामघाट चौकी प्रभारी देवेंद्र शुक्ला और राजघाट चौकी प्रभारी उमाशंकर भारद्वाज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# सात दिवसीय विश्व पर्यावरण महोत्सव : 2026 का शुभारंभ

## निबंध लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रबन्धन समिति के सचिव श्री देवमूर्ति के संरक्षण, प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय के निर्देशन तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. अतुल यादव एवं पूर्व निदेशक प्रो. ए.पी. सिंह के मार्गदर्शन में पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture and Education Society (EAES), Bareilly एवं BRIJ Vigyan Bharti के सहयोग से आयोजित "7-दिवसीय विश्व पर्यावरण महोत्सव – 2026" का शुभारंभ निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ हुआ।

प्रतियोगिता का विषय "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" रखा गया था। निबंध लेखन प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी, द्वितीय वर्ग में स्नातक (UG) तथा तृतीय वर्ग में स्नातकोत्तर (PG) एवं पीएच.डी. स्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण एवं सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने अपने निबंधों के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों तथा उनके समाधान पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।



**विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण एवं सतत विकास के लिए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।**

## मुठभेड़ : दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग, इंस्पेक्टर-सिपाही को भी दो-दो गोलियां लगीं

# एक लाख का इनामी एहसान एनकाउंटर में ढेर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर । सहारनपुर में एक लाख के इनामी बदमाश एहसान को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ में दोनों ओर से ताबड़तोड़ गोलियां चलीं। इस दौरान मारे गए बदमाश का साथी भागने में कामयाब रहा।

वहीं, एनकाउंटर के दौरान इंस्पेक्टर और सिपाही भी दो-दो गोलियां लगी हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ करीब 4 बजे सरसावा-चिलकाना के बीच डूमवाला गांव के पास हुई।

एहसान ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेहट थाना क्षेत्र में स्थित एक मिनी बैंक (जनसेवा केंद्र) को लूट लिया था। वारदात को 21, दिसंबर 2024 को अंजाम दिया गया था। चार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर करीब 1.5 लाख की नकदी और मोबाइल लूटे थे। विरोध करने पर कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया- यह पूरा पुलिस ऑपरेशन एसएसपी सहारनपुर अभिनंद द्वारा लीड किया गया। मुठभेड़ के दौरान चिलकाना और सरसावा थाना पुलिस टीम ने बदमाशों का सामना किया।



■ एक लाख के इनामी एहसान पर लूट समेत करीब 13 मुकदमे दर्ज थे। वह नकुड़ थाने का हिस्ट्रीशीटर था।

> **डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया- एहसान पर करीब 13 लूट के मुकदमे थे। यह बेहट में एक डकैती के सिलसिले में वांछित था। इसी मामले में उस पर 1 लाख का इनाम था। एहसान का नाम सहारनपुर के टॉप-10 अपराधियों में था। यह नकुड़ थाने का हिस्ट्रीशीटर था।**

### इंस्पेक्टर के हाथ में लगी गोली, सिपाही भी घायल

मुठभेड़ में सरसावा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवेश शर्मा के बाएं हाथ में दो गोलियां लगी हैं। इसके अलावा हेड कांस्टेबल सोनू भी गोली लगने से घायल हुए हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दूसरे फरार बदमाश की तलाश में इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा।

### पुलिस चेकिंग के दौरान एनकाउंटर

शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि सरसावा क्षेत्र के पिलखनी और डूमवाला गांव के बीच दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस ने संयुक्त चेकिंग अभियान शुरू किया। तभी पिलखनी से डूमवाला मार्ग पर बदमाशों से पुलिस का आमना-सामना हो गया। बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एहसान, पुत्र-रियासत को सीने और पैर में गोली लगी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह नकुड़ थानाक्षेत्र के गांव कपूरी का रहने वाला था। इस दौरान एहसान का दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

### ईदगाहों में उमड़ा जनसैलाब, नमाज के बाद गले मिलकर दी मुबारकबाद, पूरे जिले में शांति और सौहार्द कायम

# बकरीद पर अमन की मिसाल

**उत्साह**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व जिलेभर में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बच्चे, युवा और बुजुर्ग ईदगाहों की ओर पहुंचने लगे और नमाज अदा की।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। साथ ही अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी गई। पूरे दिन त्योहार को लेकर उत्साह और आपसी मेलजोल का माहौल बना रहा।

नमाज पूरी होने के बाद ईदगाहों में गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।इसके बाद घरों में कुर्बानी और जरूरतमंदों में जकात वितरण की परंपरा शुरू हुई। पूरे दिन समाज में सहयोग और साझा संस्कृति की झलक देखने को मिली।





जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ प्रमुख ईदगाहों और कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था और य त ाय त प्रबंधन की समीक्षा की ग ई । स ंब ंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए गए। पूरे जनपद में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रशासन ने आमजन, धर्मगुरुओं और पुलिस प्रशासन के सहयोग को शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम बताया।



> त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। प्रमुख ईदगाहों और नमाज स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त निगरानी रखी गई। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार क्षेत्रों में भ्रमणशील रही और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

**सुबह से ईदगाहों में जुटी भीड़, हर तरफ दिखा उत्साह**

शहर की मुख्य ईदगाह में सुबह करीब 8:30 बजे पेश इमाम शकील अख्तर ने नमाज अदा कराई। वहीं मीरानपुर स्थित शिया जामा मस्जिद में सुबह 10 बजे नमाज संपन्न हुई, जहां मौलाना अली अकबर वायद जलालपुरी ने नमाज पढ़ाई।सुबह छह बजे से ही विभिन्न इलाकों से लोग ईदगाहों में पहुंचने लगे थे। नमाज के दौरान सभी ने खुदा के सामने सजदा कर देश और समाज में शांति, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।

## बीएड प्रवेश परीक्षा 31 मई को, 24 केंद्रों पर 10,902 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा : डीएम

### कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों की समीक्षा बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को अपने दायित्व पूरी निष्ठा से निभाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने साफ कहा कि गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 10,902 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी।



प्रथम पाली सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर चिकित्सीय टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों का सुचारु संचालन, प्रश्नपत्रों की समय पर डिलीवरी और केंद्रों की पूर्व जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्रवेश समय निर्धारित, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध**

अभ्यर्थियों को प्रथम पाली में सुबह 8:00 बजे से 9:30 बजे तक प्रवेश मिलेगा। दूसरी पाली में दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, कैलकुलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

अंबेडकरनगर । जिले में शुक्रवार देर रात मौसम बिगड़ने के बाद आकाशीय बिजली गिरने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही एक भैंस की भी मौके पर ही मौत हो गई। टांडा तहसील क्षेत्र के मीठेपुर गांव निवासी इंद्रजीत (पुत्र भगवानदीन) खेत या खुले क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।

### अंबेडकर नगर भाजपा को मिला नया जिलाध्यक्ष

अंबेडकर नगर । भारतीय जनता पार्टी ने लंबे समय से लंबित जिलाध्यक्ष पद की घोषणा कर दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार देर शाम दिलीप पटेल देव को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। घोषणा के बाद संगठन और राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

दिलीप पटेल देव इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा जिला महामंत्री के पद पर कार्यरत थे। संगठन में सक्रिय भूमिका और लंबे समय से पार्टी के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आम के पेड़ के नीचे दबने से बुजुर्ग महिला की मौत

अंबेडकरनगर । जिले के जलालपुर तहसील क्षेत्र के करमैनी ग्राम सभा के हुसैनपुर बीबीपुर में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। करीब 7:30 बजे 74 वर्षीय सुरैया बानो आम के पेड़ के नीचे दब गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत म्याऊं अस्पताल ले जाया गया।

## अब घर बैठे डाउनलोड होगी खतौनी की प्रमाणित प्रति

### अम्बेडकरनगर में राजस्व सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अम्बेडकरनगर। जिले में राजस्व सेवाओं को आसान और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव किया गया है। अब खतौनी (अधिकार अभिलेख) की प्रमाणित प्रति पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध होगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद लोगों को तहसील और जनसेवा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाणित प्रति डाउनलोड कर सकेंगे। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के भूलेख पोर्टल पर खतौनी को रियल टाइम ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इसके जरिए नागरिक किसी भी समय और किसी भी स्थान से खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इससे राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का समय भी बचेगा। अब तक खतौनी की



प्रमाणित प्रति लेने के लिए लोगों को तहसील या जनसेवा केंद्रों पर जाना पड़ता था। कई बार लंबी प्रक्रिया और भीड़ के कारण आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई ऑनलाइन व्यवस्था से यह प्रक्रिया काफी आसान हो गई है। प्रशासन के मुताबिक हर साल बड़ी संख्या में भूमिधर और आवेदक खतौनी की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन करते हैं। ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी और तहसीलों पर काम का दबाव भी कम होगा। ऑनलाइन प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदक को राजस्व विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा।

## मालीपुर स्टेशन पर पहली बार रुकी इंटरसिटी, यात्रियों ग्रामीणों में उत्साह

### वाराणसी-लखनऊ इंटरसिटी का मालीपुर में ठहराव

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के मालीपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह वाराणसी-लखनऊ इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का पहली बार ठहराव हुआ। ट्रेन के रुकने के साथ ही स्टेशन परिसर में ग्रामीणों और यात्रियों की भीड़ जुट गई।प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ट्रेन के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने ट्रेन के पायलट और सह पायलट का माल्यार्पण कर स्वागत किया। ट्रेन के ठहराव को खास बनाने के लिए ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। नारियल फोड़कर देवी-देवताओं को नमन किया गया। इसके बाद यात्रियों को मिष्ठान और ठंडा पानी वितरित किया गया।ट्रेन के रुकने पर यात्रियों में भी उत्साह देखने को मिला। कई यात्रियों ने स्टेशन पर मिली सुविधा और स्थानीय स्वागत की सराहना की।



**लंबे समय से उठ रही थी ठहराव की मांग**

कोरोना काल के बाद से मालीपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह के समय अनारक्षित डिब्बों वाली किसी प्रमुख ट्रेन का ठहराव नहीं हो रहा था। पिछले वर्ष वाराणसी से लखनऊ के बीच शुरू हुई इंटरसिटी सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन तो हुआ, लेकिन मालीपुर में इसका स्टॉपेज नहीं दिया गया था।स्थानीय लोगों की लंबे समय से यह मांग थी कि इस ट्रेन का ठहराव स्टेशन पर किया जाए, ताकि क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिल सके।

> ट्रेन के पायलट मुकेश कुमार सिंह और सह पायलट महेश कुशवाहा का स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान धीरेंद्र कुमार यादव, राजेश गुप्त और पूर्व प्रधान सुभाष यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।

## 18 माह के मासूम के नासोफैरिंक्स से 20 दिन पुराना टूथब्रश निकाला गया

### मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग ने जटिल ऑपरेशन को किया सफल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। 18 माह के एक मासूम बच्चे के नासोफैरिंक्स में पिछले करीब 20 दिनों से टूथब्रश फंसा हुआ था। चिकित्सकों ने सफल सर्जरी कर टूथब्रश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार, नासोफैरिंक्स नाक और गले के बीच का हिस्सा होता है। लंबे समय तक टूथब्रश फंसे रहने के कारण उसके आसपास ग्रैनुलेशन यानी मांस की परत बन गई थी। इससे ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण हो गया था। बच्चे को सांस लेने और खाने में परेशानी हो रही थी।

ईएनटी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद यादव के नेतृत्व में ऑपरेशन किया गया। इस दौरान एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. संदीप यादव, डॉ. मिनाली और डॉ. सुदीप की टीम भी मौजूद रही। डॉक्टरों ने विशेष सावधानी के साथ ऑपरेशन कर टूथब्रश को बाहर निकाला।



चिकित्सकों के मुताबिक, टूथब्रश लंबे समय से फंसा होने के कारण संक्रमण और सूजन का खतरा भी बढ़ गया था। ऑपरेशन के दौरान बच्चे की सांस की नली और आसपास के हिस्सों को सुरक्षित रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। टीमवर्क और सतर्कता की मदद से ऑपरेशन सफल रहा।

ऑपरेशन सफल होने के बाद मेडिकल कॉलेज में खुशी और राहत का माहौल रहा। बच्चे की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

### एक घंटे चला ड्रामा, पुलिस टीम पर हाथापाई कर आरोपी हुआ फरार

# अपहरण आरोपी ने हाईटेंशन खंभे पर चढ़कर किया हंगामा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के भीटी क्षेत्र में किशोरी के अपहरण के आरोप में नामजद एक आरोपी पुलिस कार्रवाई के दौरान हंगामा करते हुए हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। बताया जा रहा है कि बिहार पुलिस और भीटी पुलिस की संयुक्त टीम जब आरोपी को पकड़कर पूछताछ कर रही थी, तभी वह पुलिस से हाथापाई कर मौके से भाग निकला। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और पुलिस को उसे दोबारा पकड़ने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़े।

पुलिस जानकारी के अनुसार भीटी थाना क्षेत्र के बीबीपुर रंड़ौली गांव के मजरे सखौना पीरपुर निवासी संदीप राजभर पर बिहार के बक्सर जिले की



> काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को सुरक्षित नीचे उतारा और अपनी हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे भीटी पुलिस के हवाले किया गया।

एक किशोरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क में लाकर प्रेम जाल में फंसाने का आरोप है। बताया गया कि करीब तीन माह पहले दोनों के बीच संपर्क हुआ और इसके बाद लगभग 15 दिन पहले किशोरी के लापता होने की बात सामने आई। बाद में उसे आरोपी अपने गांव लेकर आया था। किशोरी के पिता ने 13 मई को बिहार के कृष्ण ब्रहम थाने में मामला दर्ज कराया था। अहिरौली थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी के अनुसार, आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

**हाईटेंशन खंभे पर चढ़कर दी धमकी**

शाम के समय आरोपी अहिरौली क्षेत्र के खेमापुर गांव के पास ट्रांसमिशन लाइन के हाईटेंशन बिजली खंभे पर चढ़ गया। वहां से वह कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। करीब एक घंटे तक वह खंभे पर ही बैठा रहा, जिससे पुलिस और स्थानीय लोगों में हलचल बनी रही। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित किया।

**संयुक्त पुलिस टीम की कार्रवाई के दौरान बढ़ा तनाव**

गुरुवार को बिहार पुलिस के उपनिरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में टीम भीटी पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ आरोपी की तलाश शुरू की। दोपहर में आरोपी अपने गांव के पास पीपल के पेड़ के चबूतरे पर ग्रामीणों के साथ ताश खेलता मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उसके परिवार के सदस्य और कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस टीम से धक्का-मुक्की भी हुई। इसी अफरातफरी में आरोपी वहां से भाग निकला।

# पुलिस में बड़ा फेरबदल

### कई थानों की कमान बदली, एसपी प्राची सिंह का एक्शन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। जिले के आधा दर्जन से अधिक निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में तत्काल प्रभाव से फेरबदल किया गया है।इस बदलाव में कई प्रमुख थानों के थानाध्यक्ष बदले गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को नई शाखाओं में जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक भूपेंद्र कुमार सिंह को अलीगंज थाने से हटाकर बसखारी थाने की जिम्मेदारी दी गई है।वहीं बसखारी के थानाध्यक्ष रहे उपनिरीक्षक सुनील पांडेय को अलीगंज थाने भेजा गया है। दोनों थानों में अनुभव के आधार पर कार्यप्रणाली मजबूत करने की रणनीति अपनाई गई है।

कटका थाने के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक अवधेश श्रीवास्तव को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (AHT) थाने में स्थानांतरित किया गया है।निरीक्षक श्री चंद यादव को अपराध एवं विवेचना शाखा से हटाकर साइबर थाना प्रभारी बनाया गया है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है। निरीक्षक हीरालाल यादव को जहाँगीरगंज से हटाकर टांडा थाने में अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में तैनात किया गया है।इस बदलाव का उद्देश्य थानों में निगरानी और कार्यभार संतुलन को बेहतर बनाना बताया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार यह फेरबदल प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने का अवसर देकर कार्य अनुभव बढ़ाने और थानों की कार्यक्षमता सुधारने की कोशिश की गई है।



**राजेसुल्तानपुर से कटका तक नई जिम्मेदारियों का शिफ्ट**

तबादला सूची में उपनिरीक्षक तनुज कुमार पाल को पुलिस लाइन से हटाकर राजेसुल्तानपुर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।राजेसुल्तानपुर के निवर्तमान थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक अक्षय पटेल को कटका थाने की कमान सौंपी गई है। इस बदलाव से दोनों थानों में नई कार्यशैली और नियंत्रण व्यवस्था लागू होने की उम्मीद है।

## जेल का औचक निरीक्षण सुरक्षा और साफ-सफाई पर दिए निर्देश

### डीएम और एसपी ने जिला कारागार का लिया जायजा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । शुक्रवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और बंदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरकों, भोजनालय, अस्पताल और जेल परिसर का बारीकी से जायजा लिया। जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए कि कारागार के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। जेल परिसर में साफ-सफाई



की स्थिति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित सफाई और व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार में निरुद्ध बंदियों से भी बातचीत की। इस दौरान बंदियों की समस्याओं और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को निर्धारित सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

**शोक : पद्मश्री बशीर बद्र का निधन, भोपाल में अंतिम सांस, साहित्य जगत स्तब्ध**

# बुकिया से उठी शायरी की आवाज़ थमी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के रामनगर विकासखंड स्थित बुकिया गांव निवासी और पद्मश्री सम्मानित शायर डॉ. बशीर बद्र का बृहस्पतिवार को भोपाल स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे।निधन की सूचना फैलते ही साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जिले से लेकर देश के साहित्यिक मंचों तक उन्हें याद किया जाने लगा।

15 फरवरी 1935 को जन्मे बशीर बद्र का पैतृक घर आज भी बुकिया गांव में मौजूद है। इसी गांव की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने उर्दू ग़ज़ल को नई दिशा दी।उनकी शायरी ने भाषा की जटिलता को तोड़ा और सरल शब्दों में गहरी बात कहने की शैली स्थापित की। यही कारण रहा कि उनकी रचनाएं साहित्यिक मंचों से निकलकर आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गईं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने अध्यापन क्षेत्र में भी योगदान दिया। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और मेरठ कॉलेज में उर्दू के प्राध्यापक रहे।साहित्य लेखन के साथ उन्होंने शोध और आलोचना के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया, जिससे उर्दू साहित्य को नई दिशा मिली।

निधन की खबर पहुंचते ही बुकिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति बताया।



> साहित्य और कला में योगदान के लिए वर्ष 1999 में उन्हें पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया। इसी वर्ष उनके उर्दू कविता संग्रह 'आस' को साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला।इन सम्मानों ने उन्हें उर्दू ग़ज़ल के आधुनिक युग के प्रमुख शायरों में स्थापित किया।

**शायरी में सरलता, भावनाओं में गहराई**

बशीर बद्र की ग़ज़लों की पहचान उनकी सहज भाषा और मानवीय संवेदनाएं रहीं। उन्होंने रिश्तों, मोहब्बत, अकेलेपन और जीवन के अनुभवों को बेहद सरल अंदाज में व्यक्त किया।उनके शेर मुशायरों में ही नहीं, बल्कि आम बातचीत और जनस्मृति में भी जगह बनाने में सफल रहे। उनकी रचनाओं में जीवन का दर्शन और भावनात्मक सच्चाई स्पष्ट दिखाई देती है।

## जैतपुर में साड़ी शोरूम में भीषण आग, लाखों का सामान राख

### नेवादा चौराहा पर देर रात शॉर्ट सर्किट से आग

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के जैतपुर क्षेत्र के नेवादा चौराहा पर गुरुवार देर रात एक साड़ी शोरूम में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के समय दुकान बंद थी और मालिक अपने घर जा चुके थे।शोरूम बैंक के बगल में स्थित है, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। देर रात बैंक की सुरक्षा में तैनात पुलिस गार्ड ने दुकान से धुआं निकलता देखा। इसके बाद तुरंत दुकान मालिक मोहम्मद सलीम को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और कपड़ों के स्टॉक तक पहुंच गई।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा अधिकतर सामान जलकर राख हो चुका था।शोरूम में रखी साड़ियां, कपड़े और फर्नीचर पूरी तरह नष्ट हो गए। आग की तीव्रता अधिक होने के कारण अंदर रखे सामान को बचाया नहीं जा सका। दुकान मालिक मोहम्मद सलीम के अनुसार आग में लगभग 40 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है। साड़ी के स्टॉक के साथ-साथ अन्य कपड़े और फर्नीचर भी पूरी तरह जल गए।



# सम्पादकीय

## कर्नाटक में परिवर्तन



आखिरकार कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने त्यागपत्र दे दिया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उनकी जगह आसीन होने का रास्ता साफ हो गया। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा लंबे समय से हो रही थी और इसे लेकर खींचतान भी जारी थी, लेकिन कुछ तय नहीं हो पा रहा था। शिवकुमार का दावा था कि 2023 में सरकार गठन के समय सिद्दरमैया और उनके बीच ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालने की सहमति बनी थी, पर कांग्रेस नेतृत्व ने इसकी पुष्टि नहीं की।

अब तीन वर्ष बाद नेतृत्व परिवर्तन होना यह बताता है कि वास्तव में दोनों नेताओं में बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने का समझौता हुआ था और उससे कांग्रेस आलाकमान भी अवगत था। यदि ऐसा था तो फिर छह माह की देरी क्यों हुई? यह प्रश्न कांग्रेस नेतृत्व और विशेष रूप से राहुल गांधी की विफलता को दर्शाता है।

इसलिए और भी, क्योंकि कहा जा रहा है कि नेतृत्व परिवर्तन तब सुनिश्चित हो पाया, जब प्रियंका गांधी ने हस्तक्षेप किया। यदि यह सच है तो यह पुराना सवाल फिर से उठेगा कि आखिर राहुल गांधी समय पर फैसला क्यों नहीं ले पाते? ध्यान रहे कि कांग्रेस अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन पार्टी के बड़े फैसले राहुल गांधी ही लेते हैं।

त्यागपत्र देने को तैयार हुए सिद्दरमैया ने यह तो माना कि आलाकमान ने जैसा कहा, वैसा किया, पर वे राज्यसभा आने को तैयार नहीं। एक तरह से उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को यह संदेश दिया कि वे संतुष्ट नहीं हैं और अपने हिसाब से राज्य की ही राजनीति करेंगे। हालांकि उनके त्यागपत्र देने पर शिवकुमार ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया, लेकिन यह कहना बहुत कठिन है कि दोनों के रिश्ते सामान्य बने रहेंगे और कर्नाटक कांग्रेस में गुटबाजी को बढ़ावा नहीं मिलेगा।

इसकी अनदेखी न की जाए कि इसके पहले बारी-बारी से नेतृत्व करने को लेकर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इसी तरह की खींचतान हुई थी। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच ढाई-ढाई साल तक सत्ता संभालने को लेकर तनातनी जारी रही तो छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच। कांग्रेस नेतृत्व न तो इन दोनों राज्यों में अपने नेताओं के झगड़े को सुलझा पाया और न ही यह साफ कर पाया कि उनमें ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहने का समझौता हुआ था या नहीं?

पंजाब में उसने नवजोत सिंह सिद्धू को संतुष्ट करने के लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को पद छोड़ने के लिए बाध्य किया तो इसके नतीजे में वहां ऐसी गुटबाजी पनपी कि पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी नहीं बचा पाई। कर्नाटक में क्या होगा, यह दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव ही बताएंगे।

# त्रिभाषा फार्मूला है भारत की शिक्षा का नया क्षितिज






“त्रिभाषा फार्मूला” का उद्देश्य ही था कि उत्तर भारत के बच्चे दक्षिण भारत की कोई भाषा सीखें और दक्षिण भारत के विद्यार्थी हिंदी से परिचित हों। किंतु दुर्भाग्य से यह नीति अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप सफल नहीं हो सकी। इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक विवाद और भाषाई असंतुलन रहा।

भारत केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि भाषाओं, बोलियों, संस्कृतियों और परंपराओं का विराट संगम है। यहां भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान, संस्कृति, संवेदना और सामाजिक चेतना का आधार भी है। ऐसे बहुभाषी देश में शिक्षा व्यवस्था को किस भाषा में संचालित किया जाए और बच्चों को कौन-कौन सी भाषाएं पढ़ाई जाएं, यह प्रश्न लंबे समय से बहस और राजनीति का विषय रहा है। इसी संदर्भ में “त्रिभाषा फार्मूला” भारतीय शिक्षा व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में सामने आया। आज नई शिक्षा नीति-2020 और सीबीएसई के ताजा निर्णय ने इसे नए स्वरूप में पुनः प्रासंगिक बना दिया है। नौवीं कक्षा में दो भारतीय भाषाओं को अनिवार्य करने का निर्णय केवल एक शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि भारत की भाषाई आत्मा को मजबूत करने का दूरदर्शी प्रयास है। त्रिभाषा फार्मूला मूलतः 1964-66 के कोठारी आयोग की देन है। इसका उद्देश्य था कि भारत के छात्र तीन भाषाएं सीखें-पहली मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, दूसरी हिंदी या अन्य भारतीय भाषा तथा तीसरी अंग्रेजी। इस व्यवस्था के पीछे भावना यह थी कि देश के विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच संवाद, समझ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ाया जाए। विशेषकर दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु में इसे “हिंदी थोपने” के प्रयास के रूप में देखा गया। वहां यह भावना बनी कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रभाषा के नाम पर क्षेत्रीय भाषाओं पर वर्चस्व दिलाना चाहती है। दूसरी ओर उत्तर भारत ने भी त्रिभाषा फार्मूले की आत्मा को गंभीरता से नहीं अपनाया। यहां अधिकांश राज्यों ने तीसरी भाषा के रूप में किसी दक्षिण भारतीय भाषा को अपनाने के बजाय संस्कृत को शामिल कर औपचारिकता पूरी कर ली। परिणाम यह हुआ कि जिस पारस्परिक भाषाई संवाद एवं सौहार्द की कल्पना की गई थी, वह विकसित नहीं हो सका। आज भी स्थिति यह है कि उत्तर भारत के अधिकांश निजी विद्यालयों में बच्चों को अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश और जापानी जैसी विदेशी भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, लेकिन भारतीय भाषाओं की उपेक्षा की जाती है। कई प्रतिष्ठित स्कूलों में हिंदी तक को गौण बना दिया गया है। यह विडंबना ही है कि विदेशी भाषाएं आधुनिकता और प्रतिष्ठा का प्रतीक मानी जाती हैं, जबकि अपनी मातृभाषा या भारतीय भाषाएं “अतिरिक्त बोझ” बताई जाती हैं। यह मानसिकता भारतीय भाषाओं के प्रति हीनभावना को दर्शाती है। आश्चर्य है कि दो-तीन विदेशी भाषाएं पढ़ना अभिभावकों को अपने बच्चों पर अतिरिक्त बोझ नहीं लगता, लेकिन अपनी मातृभाषा और भारतीय भाषाएं सीखने के नाम पर वे सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं। यह अनुचित है। सरकार को किसी भी हालत में झुकना नहीं चाहिए।

त्रिभाषा फार्मूला भारतीय भाषाओं विशेषतः हिंदी को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी और प्रासंगिक है। यह केवल भाषा सीखने की नीति नहीं, बल्कि भारत की भाषाई एकता और सांस्कृतिक सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है। इस व्यवस्था से उत्तर भारत के विद्यार्थी दक्षिण भारतीय भाषाओं से परिचित होंगे और दक्षिण भारत के विद्यार्थी हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को समझ सकेंगे, जिससे भाषाई दूरी और क्षेत्रीय संकीर्णता कम होगी। साथ ही मातृभाषा आधारित शिक्षा बच्चों की समझ, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता को भी विकसित करती है। आज वैश्वीकरण के दौर में विदेशी भाषाओं का ज्ञान उपयोगी अवश्य है, लेकिन अपनी भाषाओं की उपेक्षा किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर करती है। इसलिए त्रिभाषा फार्मूला भारतीय भाषाओं को सम्मान देने, हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में मजबूत बनाने तथा भारत की बहुभाषी सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दूरदर्शी और आवश्यक पहल है।


सीबीएसई और केंद्र सरकार का ताजा निर्णय इसी मानसिकता को बदलने का प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि बच्चों द्वारा चुनी गई तीन भाषाओं में कम-से-कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। यह व्यवस्था किसी भाषा को थोपने की नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं को सम्मान और अवसर देने की नीति है। नई शिक्षा नीति का सबसे सकारात्मक पक्ष इसका लचीलापन है। इसमें किसी राज्य या विद्यार्थी पर कोई विशेष भाषा अनिवार्य नहीं की गई। छात्र अपनी रुचि और क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार भाषा चुन सकते हैं। यह दृष्टिकोण पहले की तुलना में अधिक व्यावहारिक और लोकतांत्रिक है। त्रिभाषा फार्मूले की सबसे बड़ी उपयोगिता राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय में दिखाई देती है। भाषा मनुष्य को केवल शब्द नहीं देती, बल्कि सोचने का तरीका, संस्कृति का बोध और समाज की संवेदनाएं भी प्रदान करती है। जब उत्तर भारत का छात्र तमिल, तेलुगु, मलयालम या कन्नड़ सीखेगा और दक्षिण भारत का छात्र हिंदी या अन्य उत्तर भारतीय भाषाओं को समझेगा, तब दोनों के बीच मानसिक दूरी स्वतः कम होगी। इससे भाषाई वैमनस्य और क्षेत्रीय संकीर्णता कमजोर होगी। भारत की विविधता को समझने और स्वीकारने की दृष्टि विकसित होगी। इसके अतिरिक्त बहुभाषी शिक्षा बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए भी लाभकारी मानी गई है। यूनेस्को सहित अनेक अंतर-राष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि बहुभाषी बच्चे अधिक रचनात्मक, विश्लेषणात्मक और संवेदनशील होते हैं। मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा मिलने से बच्चों की अवधारणात्मक समझ मजबूत होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यही कारण है कि विकसित देशों जैसे- जापान, चीन, फ्रांस, जर्मनी और रूस ने अपनी शिक्षा और प्रशासन को अपनी भाषाओं में संचालित किया और विज्ञान-तकनीक में अभूतपूर्व प्रगति की।

**ललित गर्ग**

## समय बदलता गया...

अशोक कुमार झा

# सबकी ख़बर रखने वाले पत्रकार की ख़बर कौन रखता है?



लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह मानी जाती है कि यहां जनता की आवाज दबाई नहीं जाती, बल्कि उसे मंच दिया जाता है। इस व्यवस्था में न्यायपालिका न्याय देती है, विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका शासन चलाती है, और इन तीनों पर नजर रखने का काम करता है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ — पत्रकारिता। पत्रकार केवल खबर लिखने वाला व्यक्ति नहीं होता, वह समाज की धड़कनों को सुनने वाला संवेदनशील चेहरा होता है। वह जनता और सत्ता के बीच एक ऐसा पुल होता है जो सच को लोगों तक पहुंचाने का काम करता है। जब कहीं अन्याय होता है, जब किसी गरीब की आवाज दबा दी जाती है, जब भ्रष्टाचार सत्ता के गलियारों में छिपने लगता है, तब पत्रकार अपनी कलम और कैमरे के साथ सामने खड़ा दिखाई देता है।

लेकिन विडंबना देखिए कि जो व्यक्ति हर दिन समाज की खबर रखता है, जो दूसरों के दुख-दर्द को दुनिया तक पहुंचाता है, जो रात-दिन जनता के लिए लड़ता है, उसकी अपनी जिंदगी की खबर शायद ही कोई रखता हो। जनता के लिए लड़ने वाला पत्रकार अक्सर अपने संघर्षों में अकेला रह जाता है। समाज उसके लिखे हुए शब्द पढ़ता है, उसकी दिखाई हुई तस्वीरें देखता है, उसकी आवाज पर बहस करता है, लेकिन उसके भीतर चल रही टूटन, असुरक्षा और संघर्ष को शायद ही कोई महसूस कर पाता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है। यह उस परंपरा को याद करने का दिन है जिसने देश में जनचेतना जगाई, स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी और समाज को सच बोलने की ताकत दी। हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत केवल समाचार देने के उद्देश्य से नहीं हुई थी, बल्कि यह सामाजिक जागरण और राष्ट्रीय चेतना का आंदोलन थी। उस दौर के पत्रकार सत्ता से डरते नहीं थे। उनके पास न बड़े संसाधन थे, न आधुनिक तकनीक, लेकिन उनके पास सच बोलने का साहस था। उनकी कलम बिकती नहीं थी, झुकती नहीं थी और डरती नहीं थी।

समय बदलता गया और पत्रकारिता का स्वरूप भी बदलने लगा। तकनीक आई, चैनलों की संख्या बढ़ी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचना की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया। खबरें अब मिनटों में पूरे देश और दुनिया तक पहुंचने लगीं। लेकिन इस तेज रफ्तार बदलाव के बीच पत्रकारिता का मानवीय पक्ष कहीं कमजोर पड़ता गया। पत्रकारिता धीरे-धीरे मिशन से व्यवसाय में बदलती चली गई। बड़े मीडिया संस्थानों पर कॉरपोरेट प्रभाव बढ़ने लगा। खबरों की गंभीरता की जगह टीआरपी और क्लिक ने लेना शुरू कर दिया। “सबसे तेज” और “सबसे पहले” की होड़ में पत्रकारों पर काम का दबाव लगातार बढ़ता गया। आज छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में काम करने वाले हजारों पत्रकार ऐसे हैं जिनकी जिंदगी बेहद कठिन परिस्थितियों में गुजर रही है। वे न दिन देखते हैं, न रात। कभी सड़क हादसे की खबर, कभी हत्या, कभी बाढ़, कभी दंगा, कभी चुनाव, कभी सरकारी कार्यक्रम — हर जगह सबसे पहले पहुंचने की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। लेकिन इसके बदले उन्हें क्या मिलता है? कई पत्रकारों को नियमित वेतन तक नहीं मिलता। कई लोग केवल एक पहचान पत्र और “प्रेस” लिखी गाड़ी के सहारे पत्रकारिता कर रहे हैं। पेट्रोल का खर्च खुद, कैमरा खुद, मोबाइल और इंटरनेट खुद, और ऊपर से यह दबाव कि खबर भी सबसे पहले भेजनी है। ग्राउंड रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार की जिंदगी अक्सर असुरक्षा से भरी होती है। वह घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचता है, लेकिन खतरे भी सबसे पहले उसी के सामने आते हैं। दंगों के बीच रिपोर्टिंग करने वाला पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालता है। अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ खबर लिखने वाला पत्रकार धमकियां झेलता है। कई बार उसे राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ता है। विज्ञापन रोकने की धमकी दी जाती है।

# उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन के बढ़ते साम्राज्य में पहचान बनाता जनपद बस्ती

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस मुहिम के तहत अब केवल बड़े शहरों या प्रमुख धार्मिक केंद्रों तक ही पर्यटन को सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि ग्रामीण अंचलों को भी इसका मुख्य हिस्सा बनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नई पर्यटन नीति के माध्यम से गांवों में छिपी ऐतिहासिक कहानियों, पारंपरिक कलाओं और प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटकों के सामने लाने की अनूठी पहल की गई है। इस रणनीति का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के रूप में सामने आ रहा है।

धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। अयोध्या, काशी (वाराणसी) और मथुरा जैसे बड़े धार्मिक केंद्रों में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवास की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने होमस्टे नीति को विशेष बढ़ावा दिया है। इसके अंतर्गत गांवों में रहने वाले आम परिवारों को अपने घरों को पर्यटकों के अनुकूल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। राज्य में अब तक 900 से अधिक होमस्टे सफलता-पूर्वक संचालित हो रहे हैं, जो पर्यटकों को न केवल ठहरने की बेहतर सुविधा दे रहे हैं बल्कि उन्हें उत्तर प्रदेश की पारंपरिक अतिथि सत्कार संस्कृति से भी रूबरू करा रहे हैं।

ग्रामीण जीवन को करीब से देखने और समझने की चाह रखने वाले पर्यटकों के लिए प्रदेश सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए ‘फार्म स्टे निवेश कार्यक्रम‘ की शुरुआत की है। प्रदेश के इतिहास में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम है जिसके तहत खेतों और ग्रामीण परिवेश को व्यवस्थित पर्यटन स्थलों के रूप में बदला जा रहा है। इस योजना का सीधा लाभ उन प्रगतिशील किसानों को मिल रहा है जो अपनी खेती के साथ-साथ पर्यटन को जोड़ रहे हैं। फार्म स्टे के माध्यम से पर्यटकों को कृषि पर्यटन, मधुमक्खी पालन, स्थानीय हस्तशिल्प को करीब से देखने और ग्रामीण जीवन की सादगी का सजीव अनुभव लेने का मौका मिल रहा है। प्रदेश सरकार के इन सभी प्रयासों के केंद्र में ग्रामीण क्षेत्रों के वे हस्तशिल्पी, कारीगर और छोटे व्यवसायी हैं जो सदियों से अपनी कला को संजोए हुए हैं। ग्रामीण पर्यटन की इन पहलों में पर्यटकों की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है। जिन गाँवों की पहचान उनके विशिष्ट हथकरघा, हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं के लिए है, उन्हें विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है। सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों को बाजार और आर्थिक सहायता प्रदान करना, पारंपरिक कौशलों को विलुप्त होने से बचाना और बाहर से आने वाले लोगों को एक बिल्कुल अनूठा और गहरा अनुभव प्रदान करना है। इससे युवाओं को अपने ही गांव में रोजगार मिल रहा है। पर्यटन के इसी जमीनी मॉडल को अमलीजामा पहनाने के लिए जनपद बस्ती में विशेष रूप से काम शुरू किया गया है। जिला प्रशासन ने इस मुहिम के तहत दो विशिष्ट गाँवों, बढ़नी मिश्र और अमोढ़ा खास को ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए चिह्नित किया है। इन दोनों गांवों का चयन उनकी ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखकर किया गया है। बढ़नी मिश्र गाँव का अपना एक प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व है, जिसे रामायण कालीन भगवान राम के गुरु वशिष्ठ मुनि का मूल निवास माना जाता है।

# सम्यक ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास हों

भारत में बहुत अच्छे ग्रंथ हैं यह बहुत अच्छी चीज हैं । संस्कृत, पाली और अन्य कईं अन्य भाषाओं में अनेक ग्रंथ उपलब्ध हैं । इन ग्रंथों में संग्रहित अच्छी वाणीयां भी अपने आप में रत्न होती हैं । आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने कहा कि व्यक्ति को अपने अस्तित्व की सुरक्षा के लिए स्वाभिमान रखना आवश्यक है । पर अभिमान अस्तित्व के लिए खतरा है । पूज्य गुरुदेव कहते थे कि व्यक्ति अपने आपको ऊंचा और दूसरों को हीन मानकर आत्मोकर्ष करता है, यह उसका अभिमान है, आत्महनन है, जो हिंसा का ही एक रूप है । उनके अभिव्यक्त विचार हर किसी की अहं चेतना पर चोट करने में सक्षम हैं - मेरे चित्त पर कभी-कभी अभिमान की छाया आ जाती है । मैं चौंककर उसे देखता हूं और सोचता हूं कि मैं अभिमान किस बात का करूं ? ज्ञान का ? संसार में अनेक व्यक्ति ऐसे हैं, जो अनेक क्षेत्रों में मेरे से अधिक ज्ञानी हैं । कुछ विषय ऐसे भी हैं, जिनका मैं ककहरा भी नहीं जानता । यदि मेरे पास केवलज्ञान होता तो संभवतः अभिमान का प्रसंग हो सकता था । पर केवलज्ञानी अभिमानमुक्त होते हैं । तो क्या तप का अभिमान करूं ? मैंने तो बेले-तेले ही किये हैं ? भगवान् महावीर तो छह-छह माह की तपस्या सहज ही कर लेते थे । यह भी नहीं तो क्या बुद्धि का अभिमान करूं ? अभयकुमार जैसी बुद्धि हो तो भले ही अभिमान किया जा सके, पर अभयकुमार और स्थूलिभद्र की 7 बहिनों जैसी बुद्धि कहां ? इसी प्रकार बाहुबलि जैसा बल होता तो बल पर अभिमान करने का प्रसंग हो सकता था । दर्शन की दृष्टि से क्षायक सम्यक्त्व और चारित्र की दृष्टि से क्षायक चारित्र होता तो अभिमान का विषय बनता । इसी प्रकार सनत्कुमार और मघवागणी जैसा मेरा रूप होता तो अभिमान का हेतु बनता ।

› **प्रदीप छाजेड़**

## जरा हटके

## इस परियोजना के...

सरिता वर्मा

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वेः पूर्वांचल के विकास, रोजगार और निवेश का नया महामार्ग




सड़के विकास की रीढ़ होती है। किसी पिछड़े क्षेत्र में एक सड़क बन जाने से उस क्षेत्र का विकास स्वतः होने लगता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क ने राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया है। इन्हीं महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की नई धुरी बनकर उभरा है। यह एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वांचल के आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक और व्यापारिक विकास का मजबूत आधार बन गया है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे लगभग 91.352 किलोमीटर लंबा प्रवेश नियंत्रित (ग्रीन फील्ड) एक्सप्रेस-वे गोरखपुर बाईपास एनएच-27 पर ग्राम जैतपुर के पास से शुरू होकर जनपद आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ता है। यह परियोजना गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जनपदों को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ती है।

इस एक्सप्रेस-वे का 20 जून, 2025 को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पण किया गया। 01 अगस्त 2025 से इस एक्सप्रेस-वे पर टोल कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके संचालन के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा प्राप्त हो रही है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश लंबे समय तक बेहतर सड़क संपर्क और औद्योगिक विकास के मामले में अपेक्षाकृत पिछड़ा माना जाता रहा। यहां के लोगों को बड़े शहरों तक पहुंचने में अधिक समय लगता था, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी कई समस्याएं बनी रहती थीं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे ने इस स्थिति को बदलने का कार्य किया है। अब गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों से लखनऊ, वाराणसी तथा अन्य बड़े शहरों तक पहुंचना कहीं अधिक आसान और तेज हो गया है। यह एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़कर पूरे प्रदेश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

इस परियोजना के कारण गोरखपुर क्षेत्र सीधे राजधानी लखनऊ तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बेहतर रूप से जुड़ गया है। इससे यात्रियों के समय और ईंधन दोनों की बचत हो रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे एक ग्रीन फील्ड परियोजना है। इसे नई भूमि पर आधुनिक तकनीक और बेहतर डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे होने के कारण इसमें मोड़ कम हैं, यातायात अधिक व्यवस्थित रहता है और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होती है। साथ ही वाहन बिना रुकावट के अधिक गति से चल सकते हैं, जिससे यात्रा समय में कम समय लगता है। यह एक्सप्रेस-वे आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाली सड़क, सुरक्षित पुल, सर्विस रोड, ड्रेनेज व्यवस्था और आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली का उपयोग किया गया है। उ0प्र0 का पूर्वांचल क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां धान, गेहूं, गन्ना, सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद बड़े पैमाने पर पैदा होते हैं। लेकिन लंबे समय तक किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे बनने से किसानों को अब अपने उत्पाद कम समय में बड़ी मंडियों तक पहुंचाने की सुविधा मिल रही है। इससे परिवहन लागत कम होगी और फसल खराब होने की संभावना भी घटेगी। विशेष रूप से सब्जी और डेयरी उत्पादों के व्यापार को इससे बड़ी गति मिलेगी। किसानों को बेहतर दाम मिलने के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा के लिए नहीं, बल्कि औद्यौगिक विकास के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे भी इसी सोच का हिस्सा है। एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक कॉरिडोर, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्ट हब और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से निवेशकों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई इकाइयों, कृषि आधारित उद्योगों तथा छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। आने वाले समय में यह क्षेत्र निवेश और उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

जब किसी क्षेत्र में सड़क और आधारभूत संरचना मजबूत होती है तो वहां उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र तेजी से विकसित होते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिला है। भविष्य में एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थापित होने वाले उद्योगों और व्यापारिक इकाइयों से स्थानीय युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार मिलने की संभावना है। इससे पलायन की समस्या में भी कमी आएगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

बेहतर सड़क संपर्क का सबसे बड़ा लाभ स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को भी मिलता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के प्रभावी, क्रियान्वयन मे उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य

# हर गरीब व पात्र व्यक्ति को मिलेगा पक्का मकान



**बैठक**



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग से,माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की अध्यक्षता एवं माननीय केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी जी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 12 राज्यों के लिए रू 10,021 करोड़ की मदर सैंक्शन जारी होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा गुरूवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुये।

बैठक मे प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग श्री सौरभ बाबू, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री गौरी शंकर प्रियदर्शी, उपायुक्त श्री अखिलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नई दिल्ली से वर्चुवल बैठक मे श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि यह यह योजना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे वर्ष 2016 मे प्रारम्भ हुयी थी। अब तक लगभग 4 करोड़ 15 लाख आवासो का लक्ष्य आवंटित हुआ, 3 करोड़ 91 लाख आवासो की मंजूरी दी गयी और 3 करोड़ 5 लाख पक्के मकान गरीब पात्र लोगो के बन गये हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 12 राज्यों के लिए रू 10,021 करोड़ की दूसरी मदर सैंक्शन जारी किया। उत्तर प्रदेश का नाम विशेष रूप उद्धत करते हुये उन्होंने कहा कि नये पात्र लोगो के मकान स्वीकृति की प्रक्रिया हम शीघ्र पूरी करने वाले है।

### 75 प्रतिशत से अधिक मकान बहनो को दिये गये

माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य राज्यो के वर्चुवल रूप से जुड़े ग्रामीण विकास मन्त्रियो का स्वागत करते हुये कहा कि हम मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे गरीबो को न केवल पक्के मकान दे रहे हैं, बल्कि उनके घर तक सड़क, घर तक नल से जल, आयुष्मान कार्ड, रसोई गैस, बिजली, शौचालय आदि का लाभ भी दे रहे है। कहा कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ लक्ष्य पूर्ति की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्य बधाई के पात्र है, जो समय पर कार्य पूर्ण कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहो की बहनो को व राज मिस्त्रियो को प्रशिक्षण दिया गया है। 75 प्रतिशत से अधिक मकान बहनो को दिये गये है, इससे उनका आत्मसम्मान व स्वाभिमान बढ़ा है और वह समाज मे भी सम्मान पा रही हैं।

> “ मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आवास निर्माण की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाएं, जिससे पात्र लाभार्थियों को शीघ्र पक्के आवास उपलब्ध हो सकें।

## धान की खेती में डीएसआर तकनीक को व्यापक स्तर पर मिलेगा बढ़ावा

### जल संरक्षण और कम लागत से बढ़ेगी उत्पादकता

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। आज पूसा, नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन ₹खरीफ अभियान-2026₹ (28-29 मई) का समापन हुआ। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में खरीफ फसलों की रणनीतियों, उन्नत कृषि तकनीकों और किसानों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों, कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों ने सहभागिता कर आगामी खरीफ सीजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ अभियान 2026 को जलवायु परिवर्तन और संभावित कमजोर मानसून की चुनौतियों के दृष्टिगत एक विशेष रणनीति के साथ प्रारम्भ किया है। प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को मौसम आधारित कृषि तकनीकों, जल संरक्षण उपायों तथा दलहन एवं तिलहन आधारित खेती की पद्धतियों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी खाद्यान्न उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा सकें।

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वर्ष 2026 में सामान्य से कम मानसून और एल-नीनो प्रभाव के कारण अनियमित वर्षा की आशंका व्यक्त की गई है।

**फास्ट न्यूज**

### गोमती नदी में डूबा युवक, मौत

लखनऊ। लखनऊ में गोमती नदी में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव की फोटो सोशल मीडिया पर डाली तब परिजनों को उसके मौत की जानकारी मिली। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि वह घर से अकेले दुकान जाने की बात कहकर निकला था। नदी तक कैसे पहुंचा नहीं पता। पूरा मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित कुड़ियाघाट का है। मृतक की पहचान फैजुल्लागंज निवासी 28 वर्षीय अनुराग दीक्षित के रूप में हुई है।

### दरोगा ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

दुबग्गा । लखनऊ में क्रेटा कार सवार दरोगा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका 10 साल का रिश्तेदार गंभीररूप से घायल हो गया। घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी दरोगा को पकड़कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। दुबग्गा-हरदोई रोड जाम कर करीब 3 घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया। स्थिति को घटना आज दोपहर 3:40 बजे दुबग्गा थाना क्षेत्र में हरदोई रोड पर बाजनगर अंडरपास के पास रॉयल रिसॉर्ट के सामने हुआ। मृतक की पहचान 25 साल के साहिल के रूप में हुई।

### लखनऊ में फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

लखनऊ। लखनऊ में शुक्रवार दोपहर एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके पक्ष ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा : केशव प्रसाद

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के अंतर्गत लाभार्थियों को अनुदान हेतु कुल 01 अरब 92 करोड़ 15 लाख 33 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वीकृत धनराशि में अनुदान संख्या-83 के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 2208.33 लाख रुपये, अनुदान संख्या-81 के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 252.00 लाख रुपये तथा अनुदान संख्या-10 के अंतर्गत सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु 16755.00 लाख रुपये की धनराशि शामिल है।

उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना प्रदेश में किसानों की आमदनी बढ़ाने, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सशक्त बनाने, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना छोटे एवं असंगठित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के आधुनिकीकरण, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा उन्हें संगठित बाजार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल साबित हो रही है।

> ■ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु 192.15 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत

## बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री संदीप सिंह

# निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा अभियान को मिलेगी नई गति

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निपुण भारत मिशन तथा गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में राज्य स्तर पर कार्यरत जिला समन्वयक (निपुण भारत मिशन) एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) के लिए 1 एवं 2 जून को राज्य स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), लखनऊ में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के जिला समन्वयक प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने के साथ-साथ विद्यालयों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला समन्वयकों का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता आधारित परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे विद्यालय स्तर तक अकादमिक अनुश्रवण को मजबूती मिलेगी, शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक सहयोग प्राप्त होगा तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।



> प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निपुण भारत मिशन एवं गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन से संबंधित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयकों को अकादमिक एवं प्रशासनिक अनुश्रवण, डेटा आधारित योजना एवं निर्णय निर्माण, प्रभावी समीक्षा प्रक्रिया, शिक्षक सहयोग तंत्र तथा सीखने के परिणामों में सुधार हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित

प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 1 जून को आयोजित होगा, जिसमें आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, देवीपाटन, गोरखपुर तथा चित्रकूट मंडल के जिला समन्वयक शामिल होंगे। द्वितीय बैच का आयोजन 2 जून को किया जाएगा, जिसमें झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर एवं वाराणसी मंडल के प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

> प्रशिक्षण में निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन), गुणवत्ता मूल्यांकन, शिक्षक क्षमता संवर्धन, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा विद्यालयों में गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके माध्यम से जिला स्तर पर बेहतर योजना, प्रभावी अनुश्रवण एवं शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण सीखने का वातावरण विकसित किया जाएगा।

## किसानों और गरीबों के हितों के लिए समर्पित था चौधरी चरण सिंह का जीवन : अखिलेश यादव

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित





> “ इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने किसानों के पक्ष में कई ऐतिहासिक फैसले लिए। जमींदारी उन्मूलन कानून उनका सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कार्य था। किसान आज भी उन्हें अपना मसीहा मानते हैं और उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में गुरुवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलकर किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि समाजवादी सरकार ने वर्ष 2016 को किसान वर्ष घोषित किया था। साथ ही जब-जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, तब-तब किसानों और गांवों के विकास के लिए फैसले लिए गए तथा बजट का 75 प्रतिशत हिस्सा गांव और किसानों के लिए समर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद अरविंद कुमार सिंह, पूर्व विधायक विजय पासवान समेत कई नेताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में ललित आर्या, शमसाद हुसैन, धर्मेंद्र सिंह यादव, जयपाल सिंह, रामउदित, राम प्रताप यादव, अमरजीत यादव, रवि पासवान, एस.के. राय, प्रदीप सिंह पन्नू, सूरजकांत, सैय्यद उबैस अली, डॉ. वी.के. यादव, रामकुमार यादव, अंकित यादव, विजय सोनकर, राम सिंह यादव, डॉ. रितेश यादव, वरुण कुमार, बिहारी लाल पाल, महेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. हरिश्चंद्र, राधेश्याम यादव और ओम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुरेश कुमार खन्ना ने तीसरे सप्ताह भी ई-रिक्शा से किया कार्यालय आवागमन

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर ईंधन बचत के संकल्प को निरंतर दे रहे स्वरूप





तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आह्वान पर डीजल एवं पेट्रोल की न्यूनतम खपत के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए लगातार तीसरे सप्ताह भी अपने कार्यालय आवागमन हेतु गैर पेट्रोलियम ईंधन संचालित वाहन का प्रयोग किया।

श्री खन्ना आज अपने सरकारी आवास से विधानसभा स्थित कार्यालय ई-रिक्शा से पहुंचे तथा दोपहर में भोजन के लिए आवास आने-जाने में भी ई-रिक्शा का ही उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम ईंधन रहित साधन से कार्यालय आने-जाने का उनका निर्णय केवल व्यक्तिगत पहल नहीं, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति एक जिम्मेदारी भरा संदेश है।

श्री खन्ना ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा ईंधन की बचत आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। देश की बड़ी ऊर्जा आवश्यकताएं अभी भी आयातित ईंधन पर निर्भर हैं, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव कर राष्ट्रहित में योगदान दे। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक दिन वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल साधनों का प्रयोग करे तो इससे न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत संभव होगी।

# वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न जनपदों में संग्रहालयों की स्थापना

### विकास एवं क्यूरेशन कार्य हेतु 17 नवीन परियोजनाएं प्रस्तावित

> ■ संग्रहालयों की स्थापना से युवा पीढ़ी अपनी गौरवशाली संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों को देख सकेगी-जयवीर सिंह



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2026-27 में संस्कृति विभाग द्वारा संग्रहालयों की स्थापना, विकास एवं क्यूरेशन कार्य की 17 नवीन परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। इन परियोजनाओं के तहत संग्रहालयों की स्थापना, उच्चीकरण, नवीनीकरण, क्यूरेशन आदि के कार्य कराए जाएंगे। कुछ परियोजनाओं का शासन स्तर पर निर्णय प्रतीक्षित है, जिसका शीघ्र ही निस्तारण करा दिया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय के क्यूरेशन कार्य हेतु 2250 लाख रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इसी प्रकार बाल संग्रहालय, कन्नौज की स्थापना एवं क्यूरेशन कार्य के लिए 1500 लाख रूपये, जनपद फर्रूखाबाद में संग्रहालय की स्थापना एवं क्यूरेशन कार्य के लिए 2450 लाख रूपये, जनपद कासगंज पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना के लिए 1682.58 लाख रूपये तथा जनपद झांसी के चिरगांव में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी के संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना के लिए 05 करोड़ की धनराशि प्रस्तावित की गई है। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार जनपद सोनभद्र में संग्रहालय की स्थापना के लिए अनुमानित धनराशि 133.55 लाख रूपये, नई मांग के माध्यम से राज्य संग्रहालय, लखनऊ के उच्चीकरण, नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 150 करोड़ रूपये, नई मांग के माध्यम से राज्य संग्रहालय, मथुरा के उच्चीकरण, नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 100 करोड़ रूपये, जनपद चित्रकूट स्थित महर्षि वाल्मिकी आश्रम लालापुर चित्रकूट के पर्यटन विकास के अंतर्गत संग्रहालय के क्यूरेशन के कार्य हेतु 05 करोड़ रूपये तथा जनपद चित्रकूट के तहसील राजापुर ग्राम पहाड़ी स्थित संत श्री तुलसीदास की जन्मस्थली तुलसीपीठ एवं राजापुर में तुलसी स्मारक के पर्यटन विकास एवं क्यूरेशन के कार्य हेतु 05 करोड़ रूपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है।

### सचिवालय पास लगी इनोवा में लड़की की लाश मिली

लखनऊ। लखनऊ में सचिवालय पास लगी इनोवा कार में गुरुवार रात 16 साल की लड़की की लाश मिली। एक गैर सरकारी संगठन (NGO) का संचालक लाश को हरिद्वार ले जा रहा था।

लड़की की शिनाख्त पारुल के रूप में हुई। वह मूल रूप से कुशीनगर की रहने वाली थी। पुलिस की पूछताछ में NGO संचालक ने बताया, लड़की ने सुसाइड किया था। पुलिस ने लड़की के पिता से बात की और उन्हें लखनऊ बुलाया है। पिता ड्राइवर हैं, वे NGO संचालक के परिवार को लेकर मसूरी गए हैं। पुलिस के मुताबिक, गोमती नगर के रहने वाले रितेश रंजन चौबे 28-29 मई की रात करीब 12:30 बजे गोमती नगर थाने पहुंचे। पुलिस को बताया कि कुशीनगर के रहने वाले अभिषेक सक्सेना उनके ड्राइवर हैं। अभिषेक की बेटी पारुल सृजन विहार, विशाल खंड में डॉ. सुशील चंद्र द्विवेदी के NGO सार्वजनिक शिक्षकोन्नयन संस्थान में रहकर पढ़ाई करती थी।

**सराहना :** पंचायतीराज विभाग की 5 वर्षों की उपलब्धियों का मुख्य सचिव के सम्मुख प्रस्तुतीकरण

# मुख्य सचिव ने पंचायतीराज विभाग के कार्यों को सराहा



तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री एस.पी. गोयल के समक्ष पंचायतीराज विभाग द्वारा बीते 5 वर्षों में अर्जित की गईं विशिष्ट उपलब्धियों और किए गए सराहनीय कार्यों का एक विस्तृत प्रेजेंटेशन (प्रस्तुतीकरण) दिया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक के दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्राम पंचायतों के सशक्तीकरण, डिजिटल गवर्नेंस, ग्रामीण विकास और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े तमाम अहम पहलुओं पर गहराई से मंथन हुआ। मुख्य सचिव ने विभाग की कार्यशैली और प्रगति की सराहना करते हुए, प्रस्तावित सभी पदों को अपनी मंजूरी प्रदान किया।

इसके साथ ही, वित्त विभाग की ओर से भी वित्तीय मामलों से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव और टिप्पणियां साझा की गईं। बैठक में पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने एक व्यापक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पिछले पांच साल के सफर और प्रगति का ब्योरा सामने रखा। उन्होंने पंचायत भवनों के निर्माण, ई-गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते कदम, ग्राम पंचायतों में बुनियादी ढांचे के विकास, सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी सफलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण बैठक में संयुक्त निदेशक श्री एस. एन. सिंह, उप निदेशक श्री प्रवीण सिंह, वित्त नियंत्रक श्री अमितोष श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

> पंचायतों के विकास और डिजिटल व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए पंचायतीराज विभाग की अहम बैठक संपन्न
>
> पंचायतीराज विभाग के सुचारु संचालन के लिए रिक्त पदों को भरने और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण पर जोर

### विभिन्न पदों को तत्काल भरने की जरूरत

बैठक के दौरान पंचायतीराज विभाग के प्रमुख सचिव श्री अनिल कुमार ने विभाग के सुचारु और प्रभावी संचालन के लिए खाली पड़े विभिन्न पदों को तत्काल भरने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और विभाग की बढ़ती जवाबदेही को देखते हुए आवश्यक मानव संसाधन (स्टाफ) की उपलब्धता बेहद जरूरी है।

## शाकंभरी खोल में आई बाढ़, कई वाहनों समेत बह गए श्रद्धालु, दो महिलाओं की दर्दनाक मौत

# बेमौसम बारिश का कहर

**तबाही**



**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर। सहारनपुर के सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात अचानक आई बेमौसम बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। शिवालिक पहाड़ियों में हुई तेज बारिश के बाद पहाड़ों से आए तेज पानी के बहाव में कई वाहन बह गए। हादसे के दौरान श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। बाढ़ की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

पुलिस और प्रशासन की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से प्रभावित श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और पहाड़ी क्षेत्रों के पास जाने से बचने तथा सावधानी बरतने की अपील की है। रामपुर मनिहारान क्षेत्र में देर रात आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचा दी। तूफान के चलते देवबंद रोड पर दो बड़े पेड़ टूटकर गिर गए, जिससे करीब छह विद्युत पोल और बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा नई तहसील परिसर में स्थित करीब पांच वकीलों के चेंबरों को भी नुकसान पहुंचा। तेज आंधी के कारण चेंबरों की छतों पर लगी सीमेंट की चादरें उड़ गईं, जिससे अंदर रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार तूफान काफी तेज था और कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं, तूफान के चलते बागों में आम गिरने से बाग ठेकेदारों को भी भारी नुकसान हुआ।

> मां शाकंभरी देवी के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु अचानक आई बाढ़ से घबरा गए। क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में मदद की।

### प्रशासन ने शुरू कराया राहत एवं बचाव कार्य

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह तथा कोतवाली प्रभारी सूबे सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

> जानकारी के अनुसार, रात में शिवालिक पहाड़ियों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पानी का तेज बहाव शाकंभरी क्षेत्र में पहुंच गया। देखते ही देखते पानी ने विकराल रूप ले लिया और कई ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल तथा अन्य वाहन बह गए।

### महिला का शव एक किलोमीटर दूर मिला

बाढ़ के तेज बहाव में दो महिला बह गईं। घटना के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद दोनों महिलाओं के शव लगभग एक किलोमीटर दूर भूरादेव मंदिर के पास बरामद किया गया। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

# 90 की स्पीड में ट्रक से टकराई कार, अकाउंटेंट की हुई मौत

## प्रमोशन पाकर मुरादाबाद लौट रहे थे, डीएमपी पिता मायावती की सुरक्षा में रहे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रामपुर । रामपुर में गुरुवार सुबह करीब 4 बजे एक प्राइवेट कंपनी के अकाउंटेंट की हादसे में मौत हो गई। हादसे का वीडियो सामने आया है।

करीब 90 की स्पीड में अकाउंटेंट की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार हवा में उछल गई और अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया।

अकाउंटेंट जितेंद्र खुद कार चला रहे थे। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने जितेंद्र को टांडा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को सड़क से हटवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।




जितेंद्र प्रमोशन पाने के बाद मुरादाबाद लौट रहे थे। पिता ईश्वर सिंह पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सुरक्षा में रह चुके हैं। आशंका है कि जितेंद्र को झपकी आ गई थी। जितेंद्र के दोस्त संजीव गुप्ता ने बताया, जितेंद्र काशीपुर के वीर भूमि एन्क्लेव मानपुर क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहते थे। वे मुरादाबाद में पोस्टेड थे। उन्होंने कहा कि यदि सड़क पर ट्रक खड़ा नहीं होता तो शायद जितेंद्र की जान बच सकती थी। उन्होंने प्रशासन से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हल्द्वानी से मुरादाबाद लौट रहे थे

जितेंद्र (36) उजाला सिग्नश कंपनी में अकाउंटेंट थे। उजाला सिग्नस देश की एक प्रमुख सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल समूह है। हाल ही में जितेंद्र का प्रमोशन हुआ था। वह हल्द्वानी स्थित कंपनी की नई ब्रांच में ज्वाइनिंग करने गए थे। वह बुधवार देर रात वापस मुरादाबाद लौट रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे रामपुर में थाना टांडा क्षेत्र के पास बाजपुर-दलपतपुर मुरादाबाद मार्ग पर उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे बाद जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

**फास्ट न्यूज**

### सीतापुर में थूकने के चक्कर में महिला टीचर की हुई मौत

सीतापुर। सीतापुर में इंटर कॉलेज की महिला टीचर की चलती बस से गिरकर मौत हो गई। वह थूकने के लिए बस के गेट पर आई थीं। जैसे ही अपना मुंह गेट के बाहर किया, तभी उनका बैलेंस बिगड़ा गया और नीचे गिर गईं।

कंडक्टर ने पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह बचा नहीं सका। बस की स्पीड अधिक होने के कारण टीचर को गंभीर चोटें आईं। उनका सिर फट गया।

### गोरखपुर हादसे में जलकर 2 की मौत

गोरखपुर । गोरखपुर के रामगढ़-ताल थाना क्षेत्र के अजवनिया गांव के पास गुरुवार सुबह ट्रक और डंपर की जोरदार टक्कर हुई। इसके बाद तेज धमाके के साथ दोनों ही वाहन धू-धकर जलने लगे। इस दौरान ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचा ली। वहीं डंपर चालक और क्लीनर की गाड़ी के अंदर ही जलकर मौत हो गई। दोनों के कंकाल पुलिस ने बाहर निकल-वाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम पहुंची थी। दोनों ही टीमों की अभी तक की जांच में सामने आया है कि डंपर चालक को झपकी आने की वजह से सामने से आ रही ट्रक दिखाई नहीं दी।

### महापौर के दावों की खुली पोल

वाराणसी। वाराणसी सहित आस-पास के जिलों में शुक्रवार की तड़के जमकर आंधी-पानी आया। गरज-चमक के साथ आये इस आंधी-पानी ने नगर निगम के दावों के साथ ही साथ महापौर अशोक तिवारी के दावों की भी पोल खोल दी। शहर के कच्चीबाग वार्ड के आजाद पार्क में एक बार फिर पाने बरसने के बाद वाटर लॉगिंग हुई और स्थानीय लोग दिक्कतों का सामना करते दिखाई दिए।

## बाबा साहेब का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा : संजय सिंह

### 1 जून को प्रयागराज में होगी पेपर लीक पर चर्चा : संजय सिंह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकारों पर दलितों, पिछड़ों, युवाओं और आम जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा परिसर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश, प्रतिमा और बुद्ध विहार को हटाने की तैयारी की जा रही है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस निर्णय पर तत्काल रोक नहीं लगाई तो पार्टी पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत, प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, पेपर लीक के




मामलों, बढ़ती महंगाई और तेल नीति को लेकर भाजपा सरकारों को कठघरे में खड़ा किया।

संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा शुरू से ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और सामाजिक न्याय की अवधारणा के विरोध में रही है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के सम्मान और अधिकारों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ के 10 विधानसभा मार्ग स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा परिसर से बाबा साहेब के अस्थि कलश, प्रतिमा और बुद्ध विहार को हटाने की तैयारी की जा रही है।

# गंदी बात करने पर गैराज मालिक की हत्या

## वाराणसी में लड़की बोली- मां के सामने छेड़खानी की, भांजे ने दिया साथ

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी में एक लड़की ने गुरुवार को भांजे के साथ मिलकर गैराज मालिक को पीट-पीटकर मार डाला। गैराज मालिक लड़की से छेड़खानी करता था। आए दिन पीछा करता और रास्ते में रोककर अश्लील इशारे करता था। लड़की से इसी से परेशान थी।

सिंहपुर गांव के रहने वाला मनोज कुमार पटेल (40) गैराज का मालिक था। वह कार का मैकेनिक था। गुरुवार सुबह 6 बजे मनोज रिंग रोड स्थित डंडन बाबा कुटिया के पास अपने गैराज जा रहा था। सिंहपुर स्थित दुबे कटरा के पास गांव के ही प्रिंस पटेल और उसकी रिश्ते की मौसी से मनोज का झगड़ा हो गया।

पुलिस पूछताछ में लड़की ने बताया- मनोज अक्सर शराब के नशे में रहता था। वह मुझे अश्लील इशारे करता था, साथ ही मेरा पीछा भी करता था। आज सुबह मनोज ने मेरी मां के सामने भी अश्लील इशारे किए। इसी के बाद मारपीट हुई थी। वह आए दिन गंदे-गंदे कमेंट करता रहता था। रास्ते में आते-जाते परेशान करता था।




> पुलिस मौसी-भांजे को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह आए दिन मुझे परेशान करता था। आज तो मेरी मां के सामने ही उसने छेड़खानी की।



पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, तो मनोज के घरवाले वहां पहुंच गए।

### भाई बोला- गैराज जाते समय हमला किया गया

भाई संतोष पटेल ने बताया- हमारा भाई बाइक से गैराज जा रहा था। बाजार में बाइक खड़ी करके चाय-पानी करने लगा। तभी उसे पीटा गया। थाना प्रभारी सारनाथ पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया- मनोज की पत्नी की शिकायत पर FIR दर्ज कर ली गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। पूछताछ के लिए प्रिंस और उसकी मौसी को हिरासत में लिया गया है। जांच की जा रही है।

### सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया

इस मामले में पुलिस को मनोज के भाई संतोष कुमार पटेल ने शिकायत दी। उसने बताया कि उन लोगों के बीच कहासुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि प्रिंस और उसकी मौसी ने मनोज को पीटना शुरू कर दिया। सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। खून से लथपथ मनोज घर चला गया और अपने कमरे में जाकर लेट गया। उसने मारपीट की बात अपने घर में भी किसी से नहीं बताई।

दोपहर करीब 2 बजे मनोज की पत्नी रीना और मैंने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठा। उसके सिर में चोट देखकर हम लोगों ने डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच के दौरान सारनाथ पुलिस ने प्रिंस पटेल और उसकी मौसी को हिरासत में ले लिया।

## बदमाशों ने सिगरेट मांगी, न देने पर पीटा, ईंट-पत्थर से सिर कूचा, दोस्त छोड़कर भागे

# अयोध्या के भाजपा नेता की हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में अयोध्या के भाजपा नेता की हत्या कर दी गई। सिगरेट न देने पर नाराज होकर बाइक सवार 3 युवकों ने मारपीट की और फरार हो गए। कुछ देर बाद दोबारा लौटे तो ईंट-पत्थरों से हमला कर सिर कूच दिया।

साथ आए दोस्त भाजपा नेता को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। गंभीर हालत में मिले भाजपा नेता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिवार ने दोस्तों और ड्राइवर पर साजिश करने का आरोप लगाया है। घटना विभूति खंड थाना क्षेत्र के जलवा क्लब के बाहर की है। भाजपा नेता की पहचान 28 साल के शिवम सिंह के रूप में हुई। वह अयोध्या में रामनगर धौरहरा गांव के रहने वाले थे। भाजपा युवा मोर्चा के जिला कमेटी सदस्य थे।

26 मई को तड़के करीब 4 बजे शिवम को खून से लथपथ देखकर




एक राहगीर ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस शिवम को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गई। स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें गोमती नगर के KNS अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका आईसीयू में इलाज चल रहा था। 27 मई की रात करीब 12 बजे शिवम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की शिकायत पर 27 मई को दोपहर में अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। शिवम की मौत के बाद अब हत्या में बदल जाएगा। शिवम सिंह के छोटे भाई सौरभ सिंह ने बताया कि 26 मई सुबह 4 हमें घटना की जानकारी मिली। सुबह करीब 7 बजे के आसपास हम लोग लोहिया अस्पताल पहुंचे।

### अयोध्या से घूमने आए थे लखनऊ

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया, शिवम सिंह 25 मई को अपने दोस्तों नीलेश और जीशान के साथ पार्टी करने लखनऊ आए थे। देर रात तक सभी ने विभूति खंड स्थित जलवा क्लब में पार्टी की। 26 मई सुबह करीब तीन बजे सभी क्लब से बाहर निकले। क्लब के बाहर बाइक सवार तीन युवकों ने शिवम से सिगरेट मांगी। शिवम ने एक बार उन्हें सिगरेट दे दी। तीनों युवकों ने दोबारा सिगरेट मांगी तो शिवम ने देने से मना कर दिया। इस पर तीनों युवकों ने उनकी पिटाई कर दी और बाइक से भाग गए।

शिवम ने अपने परिचित आशीष को कॉल करके झगड़े की जानकारी दी। आशीष ने उनसे विवाद खत्म करके घर जाने के लिए कहा। इसके बाद शिवम अपने दोस्तों के साथ घर जाने लगे।

रास्ते में कठौता झील रोड पर एलपीएस स्कूल के पास बाइक सवार तीनों युवक दोबारा आ गए। उन्होंने शिवम की कार पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इससे उन्हें कार रोकनी पड़ी। शिवम कार से बाहर निकले। युवकों ने उन पर ईंट-पत्थर से हमला किया। ईंट लगने से उनका सिर फट गया। वह खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर गए। तीनों हमलावर मौके से भाग गए। शिवम के दोस्त भी उन्हें सड़क पर छोड़ चले गए।

# पोशाक गोदाम में लगी आग

## एसी की आउटपुट यूनिट में धमाका

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मथुरा। मथुरा के वृंदावन में गुरुवार दोपहर एसी फटने से पोशाक गोदाम में भीषण आग लग गई। तीन मंजिला बिल्डिंग के टेरेस पर लगी आग देखते ही देखते दूसरी मंजिल तक फैल गई। गोदाम संकरी गली में होने से फायर ब्रिगेडकर्मियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल की 3 गाड़ियां, मोबाइल बाइक फायर टेंडर और 3 पानी के टैंकर मंगाकर करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान करीब 30 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

वृंदावन के छिपी गली में अमित बंसल का पोशाक गोदाम है। इसी बिल्डिंग में उन्होंने शोरूम बनाया हुआ है। दो मंजिल पर शोरूम है, जबकि तीसरी मंजिल पर गोदाम बना हुआ है। आग सबसे पहले यहीं लगी



थी। जिसके बाद दूसरी मंजिल तक फैल गई। पोशाक और पॉलीथिन रखी होने के कारण आग ने तेजी से फैलने लगी। धुआं उठता देख गोदाम स्वामी और आसपास के लोग आग बुझाने को दौड़ पड़े। पड़ोसियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

करीब ढाई बजे लगी आग की सूचना पुलिस और दमकल कर्मियों को दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। लेकिन आग विकराल होने के कारण मौके पर 3 और गाड़ियों के अलावा दमकल विभाग मोबाइल बाइक फायर टेंडर मंगाया गया। इसके साथ ही 3 पानी के टैंकर भी बुलाए गए। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

> हादसा एसी की आउट पुट यूनिट में धमाका हुआ। तंग गलियों में स्थित गोदाम में आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोग आग बुझाने में जुट गए। कोई घर से पाइप के जरिए पानी डाल रहा था तो कोई बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'एनटीए को यूपीएससी...

बेंच ने कहा था कि साल 2024 में भी पेपर लीक का मामला कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था। NTA 28 मई तक हलफनामा दाखिल करे और बताए कि 2024 में दिए गए निर्देशों और मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिशों पर क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में केंद्र सरकार और CBI से भी जवाब मांगा था।

### एससी का सवाल...

NEET-PG 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा- NTA अभी स्थायी और मजबूत संस्था की तरह काम नहीं कर रही है।

### आजम खान के ...

इस मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने अब्दुल्ला आज़म की अपील मंजूर कर ली और पूर्व में सुनाई गई सजा को निरस्त कर दिया.

बता दें, बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को रामपुर के सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था. आरोप था कि अब्दुल्ला आज़म ने अलग-अलग जन्मतिथि दर्शाकर दो पासपोर्ट बनवाए. एक पासपोर्ट में जन्मतिथि 1 जनवरी 1993 जबकि दूसरे में 30 सितंबर 1990 दर्ज होने का आरोप था. दोनों पासपोर्ट का इस्तेमाल कर विदेश यात्रा करने के आरोप भी लगाए गए थे. यह मामला MP/MLA कोर्ट में विचाराधीन था.

### यूपी में निर्माणाधीन...

हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी. दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। SDRF के अधिकारियों ने बताया कि रात ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है।

प्रत्यक्षदर्शी सुरेश कुमार ने बताया-पुल पर दो शिफ्ट में काम होता है। जिस वक्त आंधी आई, पहली शिफ्ट के लोग पुल के नीचे थे, जबकि दूसरी शिफ्ट के 7 मजदूर पुल पर काम कर रहे थे। उनमें मैं भी था। आंधी से बचने के लिए हम लोग पुल पर लेट गए। इसी बीच हादसा हो गया।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपए है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है।

हादसे के जान गंवाने वाले गंगाचरण (26) पुत्र शोभरन सिंह निवासी भूरागढ़ दो भाइयों में बड़े थे। परिवार में उनके छोटे भाई राजीव (20) हैं। परिजनों के मुताबिक, गंगाचरण ने कक्षा 8 तक पढ़ाई की थी। वह करीब दो महीने पहले घर लौट आए थे, लेकिन परसों ठेकेदार का फोन आने पर दोबारा काम के लिए बांदा से हमीरपुर चले गए थे।

### माफिया खुली जीप ...

हालांकि, योगी ने दंगे की घटना का जिक्र करते हुए किसी का नाम नहीं लिया। योगी ने कहा-पहले की सरकार माफिया के सामने नतमस्तक थी। अराजकता का तांडव था। अब मैं कह सकता हूं कि किसी माफिया और गुंडे में दुस्साहस नहीं कि किसी पर्व में व्यवधान या उपद्रव पैदा कर दे। अगर कोई किसी रामलीला में, किसी यज्ञ, कथा में, किसी धार्मिक आयोजन में किसी ने व्यवधान डाला तो पर्व तो मनेगा, लेकिन उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी तय है।

सीएम योगी शुक्रवार को मऊ के मधुबन पहुंचे थे। यहां उन्होंने 392 करोड़ की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। फिर वह ताजोपुर गांव पहुंचे। जहां ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

सीएम को सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम में पहुंचना था। लेकिन खराब मौसम की वजह से वह करीब 11 बजे पहुंचे।

### मऊ को 21 साल ...

सरकार माफिया के सामने नतमस्तक थी। मऊ की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव होता था। विकास के कार्य नहीं होते थे लेकिन चंदा जुटा-जुटाकर वह कहीं पर कोई धार्मिक आयोजन किया जाता था, रामलीला, यज्ञ, रामनवमी, शिवरात्रि का आयोजन नहीं होने दिया जाता था। उसमें व्यवधान पैदा किया जाता था।

### 'आप' की बल्ले...

बटाला में AAP वाइस प्रेसिडेंट शैरी कलसी के भाई अमृत कलसी चुनाव हार गए है, उन्हें वार्ड-35 से कांग्रेस के शशि चंदा ने हराया है। जबकि बठिंडा के वार्ड-5 से विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां की सास हरबंस कौर ने जीत दर्ज की है। मोहाली निगम में AAP के उम्मीदवार पति-पत्नी ने जीत दर्ज की। वार्ड नंबर-4 से हरविंदर सिंह और वार्ड-3 से उनकी पत्नी गुरमीत कौर ने चुनाव जीता। 26 मई को निकाय चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी। उधर, सीएम भगवंत मान ने कहा कि बंगाल जीतने वाले पांचवें नंबर पर आए हैं। 1100 से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। कांग्रेस व अकाली दल अपने पुराने बहानों पर कायम रहे हैं।

श्री आनंदपुर साहिब नगर कौंसिलों में आम आदमी पार्टी 13 सीटों में 11 सीटों पर जीती है। यह विधानसभा हलका शिक्षामंत्री हरजोत सिंह बैंस का है।

फरीदकोट जिले की तीनों नगर कौंसिल फरीदकोट, कोटकपूरा और जैतो के चुनाव नतीजों में आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। हालांकि फरीदकोट नगर कौंसिल में आम आदमी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया, लेकिन पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। वहीं कोटकपूरा और जैतो नगर कौंसिल पर आम आदमी पार्टी ने कब्जा कर लिया है।

### अकबरपुर में बारिश ...

सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र वार्ड नंबर 11 की उसरहवा गली रहा, जो गांधीनगर क्षेत्र में आता है। यहां बारिश का पानी तेजी से गलियों में भर गया और कुछ ही देर में कई घरों में घुस गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, नालियों की निकासी क्षमता कमजोर होने और सफाई व्यवस्था ठीक न होने के कारण पानी बाहर नहीं निकल सका। देखते ही देखते पानी घरों के कमरों तक पहुंच गया। कई घरों में बेडरूम, किचन और आंगन तक पानी भर गया। कई जगह नालियों पर अतिक्रमण और कचरा जमा होने की बात भी सामने आई है, जिससे पानी का बहाव पूरी तरह रुक जाता है। लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हल्की बारिश में भी यहां जलभराव हो जाता है, लेकिन समय पर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। कई बार शिकायत के बावजूद नालियों की चौड़ाई बढ़ाने या सफाई व्यवस्था सुधारने पर काम नहीं हुआ।बारिश के बाद हर बार लोगों को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ता है, जिससे स्थानीय निवासियों में नाराजगी बनी हुई है। बारिश के बाद बने हालात ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है। वार्ड नंबर 11 उसरहवा गली में घरों तक पानी पहुंचने की घटना ने यह साफ कर दिया कि भारी बारिश के दौरान यह इलाका सबसे अधिक संवेदनशील बन जाता है। जलभराव के कारण न सिर्फ आवागमन बाधित हुआ, बल्कि घरों में हुए नुकसान ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को भी प्रभावित किया।

### लखनऊ के चारबाग ...

स्टेशन के रेनोवेशन के चलते 4 नंबर प्लेटफॉर्म को बंद कर दिया गया था। 5 नंबर प्लेटफॉर्म खुला हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस 5 नंबर प्लेटफॉर्म से निकली। ज्यादातर यात्री उसमें सवार होकर चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बहुत कम थी। इस बीच, अचानक टिन शेड का करीब 60-70 फीट लंबा हिस्सा टूटकर नीचे लटक गया।

बताया फ्यूचर सुपरस्टार, अपने देश को दे डाली नसीहत, बाबर पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जल्मी की तरफ से खेलते हैं

# बाबर आजम की टीम का मालिक भी हुआ वैभव सूर्यवंशी का फैन

**प्रशंसा**

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तानी क्रिकेट में बाबर आजम को काफी बड़ा बल्लेबाज माना जाता है। उनकी तुलना महान खिलाड़ियों से की जाती है, लेकिन बाबर की टीम का मालिक उनकी जगह भारत के 15 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का गुणगान कर रहे हैं। उन्होंने वैभव को भविष्य का सितारा बता दिया है।

जावेद ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी की निडरता की तारीफ की है। जावेद ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, मैं 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की 97 रनों की पारी से काफी हैरान हूं। ये शुद्ध प्रतिभा है। उनकी पारी सीट पर से खड़ा कर देने वाली पारी थी। इस छोटी उम्र में ऐसी प्रतिभा होना बहुत ही कम देखने को मिलता है। ये स्पेशल है। आपके लिए काफी सम्मान है बच्चे। आप भविष्य के सितारे बनने की प्रक्रिया में हो। ऐसे ही आगे बढ़ते रहो।



इस टीम के मालिक और पाकिस्तान के बड़े बिजनेसमैन जावेद अफरीदी ने वैभव की जमकर तारीफ की है।

> वैभव ने आईपीएल-2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंदों पर 97 रनों की पारी खेली थी। उनकी इस पारी ने पूरी दुनिया को हिला दिया। हालांकि, वह आईपीएल का सबसे तेज शतक लगाने से चूक गए, लेकिन अपनी टीम को दूसरे क्वालिफायर में जरूर पहुंचा दिया।

### फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर दिया जोर

जावेद ने साथ ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर जोर दिया है और कहा है कि इस तरह की लीग प्रतिभा को आगे लाने के लिए काफी जरूरी हैं। उन्होंने लिखा, इसलिए हमारी पीएसएल की तरह की लीग काफी जरूरी हैं। हमें पाकिस्तान के लड़कों के लिए ज्यादा से ज्यादा प्लेटफॉर्म बनाने होंगे ताकि हमारे देश की प्रतिभा को मंच मिल सके।

# आईपीएल : मोहाली-चंडीगढ़ में बारिश की 70% संभावना

## मैच रद्द हुआ तो आरआर बाहर, जीटी फाइनल खेलेगी

चंडीगढ़, एजेंसी



मोहाली के न्यू चंडीगढ़ स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आज IPL-2026 का क्वालिफायर-2 मुकाबला खेला जाएगा। इसमें गुजरात टाइटंस (GT) और राजस्थान रॉयल्स (RR) की टीमें आमने-सामने होंगी। टॉस 7 बजे होगा। इसके बाद साढ़े 7 बजे से मैच स्टार्ट हो जाएगा।

हालांकि इस मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ के वैज्ञानिक शिवेंद्र सिंह ने कहा कि चंडीगढ़-मोहाली में 60% से 70% बारिश की संभावना है। यहां दोपहर बाद में बारिश हो सकती है। उनका कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते कल दिल्ली-रेवाड़ी में बारिश हुई है। यही डिस्टर्बेंस यहां तक पहुंचेगा। अगर बारिश से मैच में खलल पड़ा तो मुकाबला रद्द होने पर RR को नुकसान होगा। पॉइंट टेबल के हिसाब से GT फाइनल में पहुंच जाएगी। इस क्वालिफायर-2 के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं रखा गया है।

न्यू चंडीगढ़ में 27 मई को सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) और RR के बीच पहला एलिमिनेटर मैच हुआ था। जिसमें वैभव सूर्यवंशी के 29 गेंदों पर 97 रन की बदौलत RR ने पहले खेलते हुए 243 रन बना दिए। जिसे चेज करने उतरी SRH की टीम 196 रनों पर ऑलआउट हो गई। जिससे SRH टूर्नामेंट से बाहर हो गई और RR ने क्वालिफायर-2 के लिए क्वालिफाई कर लिया। इस मैच में सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैट्समैन भी बने।

चौथे राउंड में कार्लसन ने हराया, स्टैंडिंग में सबसे निचले स्थान पर आए

# नॉर्वे चेस : वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लगातार तीसरा मैच हारे

**हार**

ओस्लो (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में खराब दौर जारी है। उन्हें दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने हराया। गुरुवार को मिली इस हार के बाद गुकेश स्टैंडिंग में सबसे नीचे पहुंच गए हैं। 7 बार के नॉर्वे चेस चैंपियन कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश को मात दी। शुरुआती तीन राउंड में संघर्ष करने वाले कार्लसन अब 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि गुकेश 3.5 अंकों के साथ आखिरी स्थान पर खिसक गए हैं। मैच के बाद कार्लसन ने कहा कि उन्हें गुकेश की ओपनिंग रणनीति देखकर आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक खेला, जिसका फायदा उन्हें मिला। आर प्रज्ञानानंदा ने विन्सेंट कीमर को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराकर दूसरा स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने विन्सेंट कीमर के खिलाफ क्लासिकल मैच ड्रॉ होने के बाद आर्मगेडन टाईब्रेक में 17 चालों में जीत दर्ज की। इस जीत से वे 6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा 8.5 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं।



> महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख को पहली बार आर्मगेडन में हार मिली। डिफेंडिंग चैंपियन अन्ना मुजिचुक ने उन्हें हराया। दिव्या 5.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। वहीं कोनेरू हम्पी आखिरी स्थान पर बनी हुई हैं।

आयरलैंड 179 पर सिमटा, नाथन स्मिथ को 6 विकेट, फॉलोऑन में स्कोर 65/2

# न्यूजीलैंड ने 490 रन पर पहली पारी घोषित की



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने बेलफास्ट में चल रहे इकलौते टेस्ट में आयरलैंड पर शिकंजा कस लिया। उसने गुरुवार को पहली पारी 490/8 के स्कोर पर घोषित की। इतना ही नहीं, आयरिश टीम को पहली पारी में 179 पर ऑलआउट करके फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आयरलैंड ने दूसरी पारी में 65 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए हैं। स्टीफन दोहेनी और थॉमस मेयस क्रीज पर हैं। इससे पहले टॉम ब्लंडेल ने 186 और डेब्यू कर रहे डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 98 रन बनाए। गेंदबाजी में नाथन स्मिथ ने 6 विकेट झटके। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ दूसरे दिन के हीरो रहे। उन्होंने नई गेंद से 29 गेंदों में अपना पहला टेस्ट फाइव-विकेट हॉल पूरा किया। स्मिथ ने 40 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने आयरलैंड के टॉप-6 बल्लेबाजों में से 4 को डक पर आउट किया। टेस्ट इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने टॉप-6 के 4 बल्लेबाजों को खाता नहीं खोलने दिया। शुरुआती झटकों के बाद एंडी मैकब्राइन और मार्क एडेयर ने सातवें विकेट के लिए 116 रन जोड़कर आयरलैंड को संभाला। मैकब्राइन ने चायकाल से पहले अर्धशतक पूरा किया। एडेयर ने शुरुआत में बड़े शॉट्स खेले, फिर संभलकर बल्लेबाजी की। नेथन स्मिथ ने शॉर्ट बॉल पर एडेयर को 40 रन पर आउट कर साझेदारी तोड़ी। इसके बाद न्यूजीलैंड ने आयरलैंड की पहली पारी 179 रन पर समेट दी। मैकब्राइन 73 रन बनाकर नाबाद रहे।



### आयरलैंड ने जीरो पर दो विकेट गंवाए

न्यूजीलैंड के पारी घोषित करने के बाद लंच से पहले आयरलैंड की बल्लेबाजी शुरू हुई। स्मिथ ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीफन डोहेनी को LBW किया। चार गेंद बाद नंबर-3 बल्लेबाज केड कारमाइकल स्लिप में टॉम लाथम को कैच दे बैठे। आयरलैंड ने पहले ही ओवर में बिना रन बनाए 2 विकेट गंवा दिए थे। लंच के बाद भी स्मिथ ने एंड्रयू बालबर्नी (13), कर्टिस कैंपर (0) और लॉर्कन टकर (0) को आउट किया। एक समय टीम का स्कोर 38 रन पर 6 विकेट था।


## मनोरंजन

कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखा- कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

# श्रद्धा का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं।

श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया। जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए।' जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकॉर्ड किया है। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमोजी के साथ लिखा था, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रद्धा को आखिरी बार फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था, जो साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। वहीं, वो जल्द अपकमिंग फिल्म 'ईथा' में नजर आएंगी। यह फिल्म मशहूर लावणी डांसर और तमाशा कलाकार विठाबाई भाऊ नारायणगांवकर की बायोपिक है।



### श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा लंबे समय से

श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरुआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पॉट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चर्चाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी।

> जनवरी 2026 में श्रद्धा ने भी अपनी शादी को लेकर चर्चा तब बढ़ा दी थी, जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फैन के सवाल का जवाब दिया था। फैन ने पूछा था, 'श्रद्धा जी शादी कब करोगे?' इस पर श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में लिखा था, 'मैं करूंगी, यू विवाह करूंगी।'



# सलमान रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच विवाद सुलझाएंगे

## दावा- एक्टर ने दोनों से बात कर मामला शांत करने की कोशिश की

नई दिल्ली। अभिनेता सलमान खान ने रणवीर सिंह और फिल्म मेकर फरहान अख्तर के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए पहल की है। यह विवाद रणवीर सिंह के अचानक फिल्म 'डॉन 3' को छोड़ने के बाद शुरू हुआ था, जिसके बाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने रणवीर के खिलाफ असहयोग प्रस्ताव (नॉन-कोऑपरेशन नोटिस) जारी कर दिया था। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान ने दोनों पक्षों से निजी तौर पर बात की है ताकि इस मामले को शांति से सुलझाया जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान के रणवीर सिंह और फरहान अख्तर दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। इसी वजह से उन्होंने इस गंभीर होते विवाद में बीच-बचाव करने का फैसला किया। सलमान ने दोनों से फोन पर बात की और दोनों का अलग-अलग पक्ष सुना। उन्होंने दोनों को समझाया कि इस तरह के बड़े प्रोजेक्ट्स में आपसी मतभेद होना कोई नई बात नहीं है। सूत्रों के अनुसार, सलमान खान ने फरहान अख्तर से कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में क्रिएटिव डिफरेंसेस (रचनात्मक मतभेद) होना बेहद आम बात है। इसे लेकर विवाद को और ज्यादा बढ़ाना ठीक नहीं है। उन्होंने फरहान को सलाह दी कि वे इस मामले को यहीं खत्म करें और दोनों ही पक्षों को अपने प्रोफेशनल संबंध खराब नहीं करने चाहिए।



अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह के गाने 'घिस-घिस-घिस' ने यूट्यूब पर आते ही कब्जा कर लिया

# अक्षय कुमार-अक्षरा सिंह के गाने ने यूपी-बिहार में मचाई हलचल

नई दिल्ली। अक्षय कुमार अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की सफलता के बाद एक बार फिर से दर्शकों को गुदगुदाने की तैयारी में जुट गए हैं। उनकी अगली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में रिलीज हो रही है, लेकिन उससे पहले ही उनकी फिल्म के गाने 'घिस-घिस-घिस' में खूब धूम मचाई है। यह गाना Youtube पर काफी ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, इस बीच अब भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह काफी इमोशनल हो गई हैं और उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है।

'वेलकम टू द जंगल' में फिल्माए गए अक्षरा सिंह-अक्षय कुमार के भोजपुरी गाने 'घिस-घिस-घिस' ने रिलीज के 4 दिन में ही गर्दा उड़ा दिया है। यह गाना यूट्यूब पर नंबर 4 पर ट्रेंड कर रहा है और इसे अभी तक 2 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं और इस पर रील्स बना रहे हैं। अक्षरा सिंह भी फैंस की तरफ से मिल रहे इस प्यार को पाकर गदगद हो गई हैं। उन्होंने गाना शेयर करते हुए इंस्टाग्राम कैप्शन में लिखा, ₹गाना अब सिर्फ हमारा नहीं रहा है, बल्कि पूरे यूपी, बिहार, झारखंड का हो गया है और अब धीरे-धीरे पूरा इंडिया इस पर वाइब कर रहा है। इंस्टाग्राम रील्स पर प्यार, यूट्यूब पर ट्रेंडिंग, दिल से थैंक यू, लेकिन अभी रुकना नहीं है। अब बारी है इसे नंबर 1 तक पहुंचाने की।



> इसके अलावा अक्षरा सिंह ने एक वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें भोजपुरी एक्ट्रेस की मां खिलाड़ी कुमार संग बेटी को देखकर काफी भावुक हो गई थीं। आपको बता दें कि वेलकम टू द जंगल 26 जून 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अक्षय कुमार के अलावा सुनील शेट्टी, परेश रावल, अरशद वारसी सहित एक बड़ी पलटन काम कर रही है।

### अक्षय कुमार ने लिया था अक्षरा सिंह का स्टैंड

इससे पहले दिए गए एक इंटरव्यू में अक्षरा सिंह ने यह भी बताया था कि जब वह पहले दिन 'घिस-घिस-घिस' शूट करने वाली थीं, तो उन्हें घाघरा-चोली पहनने के लिए कहा गया था, क्योंकि लोगों की सोच ऐसी थी कि भोजपुरी एक्ट्रेस वहीं पहनती हैं, लेकिन उन्हें जैसे ही यह कहा गया, एक्ट्रेस ने मुंह बना लिया। अक्षय कुमार ने यह दूर से देख लिया था। उसके बाद वह आए और उन्होंने सामने वाले को सीधे तौर पर यह कह दिया था कि एक्ट्रेस जिन कपड़ों में ओके हैं, वह वो ही पहनेंगी।

# हिंदू लड़की से शादी के बाद ट्रोल हुए थे मुदस्सर

## कोरियोग्राफर बोले- मुझे अक्सर कमेंट्स में जिहादी कहा जाता है

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने हाल ही में इंटरफेथ मैरिज और ट्रोलिंग को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि हिंदू लड़की रिया किशनचंदानी से शादी के बाद उन्हें और उनकी पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि ऐसे लोगों को वह ज्यादा महत्व नहीं देते। फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में मुदस्सर खान ने कहा, 'अगर कोई गाली देता है या खराब बातें करता है, तो मैं उसे सीधे ब्लॉक कर देता हूं। ऐसे लोगों को भाव देने का कोई मतलब नहीं है।' उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई लोग सिर्फ दूसरों को परेशान करने के लिए आते हैं। उनके मुताबिक, ऐसे लोग फेक अकाउंट बनाकर गालियां देते हैं और दूसरों का मूड खराब करने की कोशिश करते हैं। मुदस्सर ने बताया कि शुरुआत में उनकी पत्नी रिया भी इन कमेंट्स से परेशान हो जाती थीं, लेकिन बाद में उन्होंने उन्हें समझाया कि ऐसे लोगों को नजरअंदाज करना ही सबसे सही तरीका है। इसके बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर लोगों को फिल्टर करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, 'जब शादी हो जाती है, तो धीरे-धीरे लोगों की बातें अपने आप कम होने लगती हैं। पहले लोग लगातार कमेंट करते हैं, लेकिन बाद में खुद ही शांत हो जाते हैं।' कोरियोग्राफर ने कहा, 'मुझे अक्सर जिहादी वाले कमेंट मिलते हैं। हमेशा, अगर मैं पोस्ट कर रहा हूं तो मुझे भी आमतौर पर मिलते हैं, तो मुझे लगता है कि ये लोग वो हैं, जो छोटी बिल्डिंगों में, चार माले की बिल्डिंगों में दीवार के कोने में पान थूकते हैं, वो लाल हो जाता है न, तो ये वो लोग हैं जिनकी कोई वैल्यू नहीं है।



## इजराइली पीएम बोले- धीरे-धीरे पूरा कब्जा कर लेंगे, अब तक 60% हिस्से पर कंट्रोल

# नेतन्याहू का गाजा के 70% हिस्से पर कब्जे का आदेश

**आदेश**

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी के 70% हिस्से पर सैन्य नियंत्रण लेने का आदेश दिया है। वेस्ट बैंक में गुरुवार को एक कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, ₹हम इस समय हमास को दबा रहे हैं। अब हम गाजा पट्टी के 60% इलाके को कंट्रोल करते हैं। पहले हम 50% पर थे, फिर 60% पर पहुंचे। मैंने आदेश दिया है कि इसे बढ़ाकर... तभी भीड़ में से किसी ने चिल्लाकर कहा, 100%।



पहले से ही युद्ध, बमबारी और लगातार विस्थापन की वजह से गाजा के ज्यादातर इलाके तबाह हो चुके हैं। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इजराइल 70% इलाके पर कब्जा कर लेता है, तो गाजा के करीब 22 लाख लोगों को कुल जमीन के एक-तिहाई से भी कम हिस्से में रहना पड़ेगा। इजराइल-हमास के बीच अक्टूबर 2025 में सीजफायर का ऐलान हुआ था। 7 महीने बीतने के बाद भी इजराइली सेना गाजा में हमले कर रही है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि सीजफायर लागू होने के बाद से अब तक करीब 900 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इजराइली सेना ने 'येलो लाइन' के आसपास बड़े इलाके को नो-मैन्स-लैंड घोषित कर दिया है। यहां किसी भी गतिविधि को खतरा मानकर कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया ब्रीफिंग में भी बताया गया कि उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में टैंकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है और ड्रोन किसी भी हलचल को निशाना बना रहे हैं।

**इस पर नेतन्याहू ने कहा, "एक-एक कदम आगे बढ़ते हैं। पहले 70% तक पहुंचते हैं। फिलहाल वहीं से शुरुआत करते हैं। हम हर तरफ से उन पर दबाव बना रहे हैं और बाकी बचे लोगों से भी निपटेंगे।"**



### इजराइल का एक्शन सीजफायर शर्तों के खिलाफ

यह कदम अक्टूबर 2025 में हुए युद्धविराम समझौते की शर्तों के विपरीत माना जा रहा है। समझौते के तहत इजराइली सेना को एक तय 'येलो लाइन' के पीछे हटना था। इस लाइन के बाद गाजा का करीब 53% हिस्सा इजराइल के नियंत्रण में था। हमास का आरोप है कि इजराइल चुपचाप इस सीमा को और अंदर खिसका रहा है। अब कई रिपोर्टों के मुताबिक गाजा के करीब 60 से 64% इलाके पर इजराइल का नियंत्रण है। इजराइल-हमास के बीच शांति योजना के अगले चरण में हमास के हथियार छोड़ने और इजराइली सेना की वापसी का प्रस्ताव है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच बातचीत फिलहाल ठप पड़ी हुई है।

**यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के विजिटिंग फेलो मुहम्मद शेहादा ने कहा कि हालात पहले ही बेहद खराब हैं। उनके मुताबिक, "हर खाली जगह पर विस्थापित परिवारों के टेंट लगे हैं। अगर इलाका और छोटा हुआ, तो बड़ी संख्या में लोगों के पास रहने की जगह ही नहीं बचेगी।"**

## दिल्ली में एब्सोल्यूट वोदका-शिवास रीगल की बिक्री पर रोक बरकरार

### पेरनोड रिकार्ड पर 3,000 करोड़ का टैक्स बकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में एब्सोल्यूट वोदका और शिवास रीगल जैसी शराब की बिक्री पर रोक बरकरार है। दिल्ली हाई कोर्ट ने फ्रांस की दिग्गज शराब कंपनी पेरनोड रिकार्ड की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें कंपनी ने दिल्ली में अपने प्रोडक्ट्स बेचने की इजाजत मांगी थी। कंपनी साल 2021 की दिल्ली लिकर पॉलिसी (शराब नीति) जांच में आरोपी होने के कारण साल 2023 से ही दिल्ली के मार्केट से बाहर है। दिल्ली के अधिकारियों ने पेरनोड रिकार्ड के लिकर लाइसेंस आवेदन को खारिज कर दिया है। इसकी वजह प्रवर्तन निदेशालय (ED) के लगाए गए वे गंभीर आरोप हैं, जिसमें कहा गया है कि कंपनी ने साल 2021 में अवैध रूप से अपना मार्केट शेयर बढ़ाने के लिए रिटेलर्स (शराब विक्रेताओं) के साथ मिलीभगत की थी।




अब पूरा विवाद इस बात पर टिका है कि जांच के दायरे में आई इस कंपनी को दिल्ली में दोबारा कारोबार करने की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। इस अदालती फैसले पर पेरनोड रिकार्ड की तरफ से फिलहाल कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। शराब नीति विवाद के अलावा पेरनोड रिकार्ड भारतीय टैक्स अधिकारियों के साथ भी बड़े कानूनी विवाद में फंसी है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जांचकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला है कि कंपनी ने अपने स्कॉच व्हिस्की इम्पोर्ट (आयात) की सही उम्र और कंपोजिशन (मिश्रण की जानकारी) को जानबूझकर छुपाया।

**फास्ट न्यूज**

### सीएनएन ने परप्लेकसिटी एआई पर किया मुकदमा

नई दिल्ली। सीएनएन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी परप्लेक्सिटी के खिलाफ कानूनी रुख अपनाते हुए एक मुकदमा दायर किया है। सीएनएन ने परप्लेक्सिटी पर न्यूज कंटेंट को गैरकानूनी तरीके से कॉपी करने का आरोप लगाया है। यह मुकदमा गुरुवार को यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फॉर द डैनियन डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क में दायर किया गया।

### 'लाखों भारतीय-पाकिस्तानी छीन रहे हमारी नौकरियां'

नई दिल्ली। ब्रिटेन के निर्दलीय सांसद रूपर्ट लोव ने प्रवासियों के खिलाफ एक बेहद विवादित टिप्पणी की है, जिसके बाद ब्रिटेन की राजनीति में हड़कंप मच गया है। लोव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मेरा मानना है कि हमें उन नौकरियों को करने के लिए लाखों पाकिस्तानियों और भारतीयों को देश में नहीं लाना चाहिए, जिन्हें बेरोजगार ब्रिटिश नागरिकों को करना चाहिए उन्होंने आगे यह भी कहा कि अगर यह बात मुझे नस्लवादी बनाती है, तो ऐसा ही सही।

### यौन हिंसा के आरोपों को लेकर ब्लैकलिस्ट में रूस और इजरायल

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल और रूस के सुरक्षा बलों को सशस्त्र संघर्षों में यौन हिंसा और बलात्कार के लिए जिम्मेदार मानते हुए अपनी ब्लैकलिस्ट में शामिल कर लिया है। एफपी द्वारा समीक्षा की गई महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की आगामी रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं को पहुंच न दिए जाने के बावजूद फिलिस्तीनी बंदियों और यूक्रेनी युद्धबंदियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के कई विश्वसनीय मामले सामने आए हैं।

## 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताकर भारतीय मूल के श्रेय ने जीता खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र श्रेय पारिख ने शुक्रवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता जीत ली। उन्होंने 90 सेकंड में 35 में से 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई।

डे क्रीक इंटरमीडिएट स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र पारिख ने 90 सेकंड की स्पेलिंग प्रतियोगिता में ब्रोमोक्रिप्टिन शब्द की सही स्पेलिंग बताकर न्यू जर्सी के जर्सी सिटी स्थित फ्रैंक आर कानवेल मिडिल स्कूल के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय ईशान गुप्ता को हराया।

जार्जिया के टकर स्थित पीचट्री चार्टर मिडिल स्कूल के 12 वर्षीय सर्व धरवाने तीसरे स्थान पर रहे। ईशान को 25,000 अमेरिकी डॉलर और सर्व को 15,000 अमेरिकी डालर की पुरस्कार राशि मिली। पारिख ने 2024 में ब्रुहत सोमा द्वारा बनाए गए पिछले स्पेलिंग प्रतियोगिता के रिकार्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने 30 में से 29 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई थी।

श्रेय ने प्रतियोगिता जीतने के बाद कहा कि तेजी से वर्तनी का अभ्यास करना मेरा रोज का काम है। पारिख ने कई पुरस्कार जीते।

## शपथ के 30 दिन में 2 मंत्रियों ने सरकार छोड़ी, जेन-जी बोले- क्या काबिल लोग नहीं

# नेपाली पीएम के 100 में से 88 वादे अधूरे

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को सत्ता संभाले अभी सिर्फ दो महीने हुए हैं, लेकिन उनकी सरकार पर सवाल उठने लगे हैं। बालेन ने 27 मार्च को शपथ लेने के बाद 100 पॉइंट सुधार एजेंडा लॉन्च किया था। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय की ट्रैकर वेबसाइट पर 88 वादे ओवरड्यू यानी तय समय से पीछे बताए जा रहे हैं। इसके अलावा, सरकार बनने के 30 दिन के भीतर ही बालेन के दो बड़े मंत्रियों को पद छोड़ना पड़ा। श्रम मंत्री दीपक शाह पर पत्नी को गलत तरीके से नौकरी दिलाने का आरोप लगा, जिसके बाद उन्हें हटाया गया। वहीं गृह मंत्री सूदन गुरुंग को एक जांच के दायरे में आए कारोबारी से रिश्तों के आरोपों के बाद इस्तीफा देना पड़ा। बालेन सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के अंतरिम कार्यकाल में बनी कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का फैसला किया। रिपोर्ट में भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की जांच कर सुधार के सुझाव दिए गए थे। यह जेन Z आंदोलन से भी जुड़ी थी। सरकार पर आरोप लगा कि इसे स्पष्ट कानूनी आधार के बिना लागू किया गया।



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 28 मार्च को उनके घर से गिरफ्तार किया गया था।



बालेन जब काठमांडू के मेयर थे, तब भी उन्होंने बुलडोजर एक्शन को अपनी राजनीति का हिस्सा बनाया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इसी मॉडल को देशभर में लागू किया। (फाइल फोटो)

### बालेन की पार्टी के भीतर भी सवाल उठ रहे

बालेन सरकार के कई फैसलों के खिलाफ प्रदर्शन हुए है। साथ ही अदालत में भी चुनौती दी गई है। विपक्ष के साथ-साथ अब उनकी पार्टी के भीतर से भी सवाल उठने लगे हैं। संसद में विपक्ष के सवालों पर जवाब न देने पर वालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेताओं आशिका तमांग और अमरेश कुमार सिंह ने भी सार्वजनिक तौर पर सवाल उठाए। अमरेश सिंह ने कहा कि नेपाल का लोकतंत्र 'पाकिस्तान मॉडल' जैसा बनता जा रहा है, जहां सरकार संसद के प्रति जवाबदेह नहीं रहती।

### बालेन अपने वादे पूरे क्यों नहीं कर पाए

प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन ने मंत्रालयों की संख्या घटाने, घाटे वाले बोर्ड और समितियों को मर्ज करने और सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों को राजनीति से दूर रखने जैसे बड़े वादे किए थे। इसके अलावा गौरी बहादुर कार्की आयोग की सिफारिशें लागू करने, बंद पड़ी परियोजनाओं को फिर शुरू करने, निवेश और उद्योग सेवाओं को डिजिटल बनाने और ऊर्जा निर्यात की लंबी रणनीति तैयार करने की बात भी कही गई थी।


## टेस्टिंग के दौरान हादसा, अमेजन के मालिक बोले- सभी कर्मचारी सुरक्षित, फिर कोशिश करेंगे

# जेफ बेजोस की कंपनी का रॉकेट लॉन्चपैड पर ब्लास्ट

**फ्लोरिडा, एजेंसी**

अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट में टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ब्लास्ट हो गया। फुटेज में देखा जा सकता है कि धमाके के बाद रॉकेट आग के बड़े गोले में तब्दील हो गया। ब्लू ओरिजिन ने बताया कि फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में गुरुवार रात करीब 9:00 बजे हॉटफायर टेस्ट किया जा रहा था। इसी टेस्ट के दौरान रॉकेट में गड़बड़ी आ गई और यह हादसा हो गया। यह टेस्ट आने वाले दिनों में होने वाले एक लॉन्चिंग की तैयारी के सिलसिले में किया जा रहा था।

हॉट फायर टेस्ट किसी रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजने से पहले उसके इंजन की क्षमता जांचने की एक



बेहद जरूरी प्रक्रिया है। इसमें रॉकेट को लॉन्चपैड पर ही क्लैम्प्स की मदद से जमीन से कसकर बांध दिया जाता है। फिर तय समय के लिए उसके इंजनों को पूरी ताकत से चालू किया जाता है। ब्लू ओरिजिन के साथ पिछले कुछ समय में यह दूसरी बड़ी समस्या है। पिछले महीने ही फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने एक सैटेलाइट की असफल लॉन्चिंग से जुड़े हादसे की जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद कंपनी के न्यू ग्लेन को ग्राउंडेड कर दिया गया था।

### नासा ने कहा- स्पेसफ्लाइट आसान नहीं, पूरी जांच का समर्थन करेंगे

नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जैरेड इसाकमैन ने कहा कि स्पेसफ्लाइट किसी को माफ नहीं करती। हैवी-लिफ्ट लॉन्च क्षमता विकसित करना असाधारण रूप से कठिन काम है। हम इस घटना की पूरी जांच का समर्थन करते हैं। आगामी मिशनों पर इसके प्रभावों का आकलन करने और रॉकेट लॉन्चिंग पर वापस लौटने के लिए अपने पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करेंगे।

**"ब्लू ओरिजिन के फाउंडर जेफ बेजोस ने कहा कि हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। हम हादसे की वजह का पता लगाने में जुट गए हैं। आज का दिन बेहद कठिन रहा, लेकिन जिस भी चीज को दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे फिर से बनाएंगे और उड़ान पर वापस लौटेंगे।**




### पब्लिक को कोई खतरा नहीं, जांच में जुटी अमेरिकी स्पेस फोर्स

ब्रेवार्ड काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट के मुताबिक, लॉन्च पैड पर हुए इस विस्फोट से आम जनता को कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी है कि इमरजेंसी रेस्पॉन्डर्स घटना स्थल पर मौजूद हैं। इसके साथ ही अधिकारी उपलब्ध डेटा का मूल्यांकन करने और घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए ब्लू ओरिजिन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## 'दुनिया में हमें अवैध ठहराया जाता है, लेकिन भारत में नहीं'

### अमेरिका में घटती लोकप्रियता के बीच बोले नेतन्याहू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक मंच पर अपनी घटती लोकप्रियता और आलोचनाओं का सामना कर रहे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत के साथ अपने देश के रिश्तों को लेकर खूब सराहा है। गुरुवार को वेस्ट बैंक में एक कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, नेतन्याहू ने भारत नाम की एक बड़ी ताकत के साथ इजरायल के अनोखे रिश्ते के बारे में बात की और कहा कि मेरे सबसे अधिक फॉलोअर्स भारत में हैं।

वेस्ट बैंक में आयोजित कॉन्फ्रेंस के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में इजरायल को अपनी वैधता साबित करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत में उसे 'जबर-दस्त और अटूट' समर्थन हासिल है। नेतन्याहू ने कहा कि मुझे लगता है कि आबादी के लिहाज से इजरायल के सबसे ज्यादा प्रशंसक



और फॉलोअर्स आज भारत में हैं।

गौरतलब है कि इजरायली पीएम नेतन्याहू की यह टिप्पणी अमेरिकी जनता के बीच अपनी गिरती लोकप्रियता की खबरों के बीच आई है। अप्रैल में जारी प्यू रिसर्च सेंटर के हालिया सर्वे के मुताबिक, 60% अमेरिकी वयस्क इजरायल के बारे में नकारात्मक राय रखते हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 53% था।

आधे से अधिक अमेरिकी नेतन्याहू पर दुनिया के मामलों में सही काम करने का बहुत कम या बिल्कुल भी भरोसा नहीं है, पिछले साल यह आंकड़ा 52% था।

## उत्साह : मुकाबले के लिए स्टेज तैयार हो रहा, 1 लाख लोग फ्री में मुकाबला देखेंगे


# ट्रम्प जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में फाइटिंग कराएंगे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर व्हाइट हाउस में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (UFC) के मुकाबले कराए जाएंगे। UFC दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (MMA) संस्था है। इसमें अलग-अलग फाइटिंग खेलों के खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करते हैं।

UFC चीफ डाना व्हाइट ने बताया कि व्हाइट हाउस में फाइट कराने का विचार खुद ट्रम्प ने दिया था। उनके मुताबिक इसके लिए व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में खास फाइटिंग एरिया बनाया जा रहा है, जहां 4 हजार से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे। इसके अलावा व्हाइट हाउस के पास एलिप्स फील्ड में फाइट्स दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीनें लगाई जाएंगी। यहां 75 हजार से लेकर 1 लाख लोग मुफ्त में मुकाबला देख सकेंगे। व्हाइट ने बताया कि ट्रम्प चाहते थे कि यह मुकाबला अमेरिका के 250वें स्थापना वर्ष के जश्न का हिस्सा बने। अल जजीरा के मुताबिक, मुख्य मुकाबले में अमेरिकी फाइटर जस्टिन गेथजी और जॉर्जिया के स्टार फाइटर इलिया टोपूरिया आमने-सामने होंगे।



UFC ने ऑक्टागन पिंजरे का नया डिजाइन जारी किया है। इसे व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में बनाया जा रहा है।

### ट्रम्प 1000 टिकट बांटेंगे

डाना व्हाइट ने कहा कि उनके पास बांटने के लिए 200 टिकट होंगे, जबकि ट्रम्प 1000 टिकट देंगे। UFC की मालिक कंपनी TKO ग्रुप के चीफ एरी इमैनुएल के पास भी 200 टिकट होंगे। बाकी टिकट अमेरिकी सैनिकों को दिए जाएंगे। ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि UFC मुकाबले के टिकटों की बहुत ज्यादा मांग है। उन्होंने कहा, मैंने कभी लोगों को किसी चीज के लिए इतना उत्साहित नहीं देखा। यह एक अलग और खास UFC इवेंट होगा। अधिकारियों ने बताया कि मुकाबले से पहले खिलाड़ियों का वजन मापने की प्रोसेस लिंकन मेमोरियल में होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस में इस इवेंट की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### ट्रम्प और यूएफसी चीफ की दोस्ती काफी पुरानी

ट्रम्प और डाना व्हाइट की दोस्ती काफी पुरानी है। राजनीति में आने से पहले ट्रम्प ने UFC को अपने होटल और प्रॉपर्टी में फाइटिंग इवेंट आयोजित कराने की इजाजत दी थी। उस समय कई लोग इस खेल की आलोचना करते थे। इसके बदले डाना व्हाइट कई बार ट्रम्प के समर्थन में खुलकर बोल चुके हैं। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में भी उन्होंने ट्रम्प के पक्ष में भाषण दिया था। डाना व्हाइट ने भी माना कि कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता कि उनका खेल इस स्तर तक पहुंच गया है।

## अमेरिकी पर्वतारोही टायलर एंड्रयूज ने रचा इतिहास

### 10 घंटे से भी कम समय में फतह किया माउंट एवरेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बचपन में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात देने वाले 36 वर्षीय अमेरिकी एथलीट टायलर एंड्रूज़ ने माउंट एवरेस्ट पर वो कर दिखाया है, जो आज तक कोई भी विदेशी पर्वतारोही नहीं कर पाया था।

टायलर ने नेपाल की तरफ स्थित साउथ बेस कैंप से दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक की चढ़ाई महज 9 घंटे 55 मिनट में पूरी करके एक नया स्पीड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। टायलर एंड्रूज ने अपनी इस जादुई चढ़ाई से नेपाली पर्वतारोही ल्हाकपा गेलू शेरपा के 23 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। ल्हाकपा गेलू ने साल 2003 में 10 घंटे 56 मिनट का समय लिया था। पिछले दो दशकों से यह रिकॉर्ड अजेय बना हुआ था, लेकिन टायलर की रफ्तार के आगे यह टिक नहीं सका। नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सबसे तेज चढ़ाई के



अब तक के सारे रिकॉर्ड सिर्फ शेरपा समुदाय के नाम ही थे। किलियन जोर्नेट जैसे जिन अन्य विदेशी एथलीटों ने स्पीड रिकॉर्ड बनाए भी, तो उन्होंने तिब्बत वाले रास्ते का इस्तेमाल किया था। ऐसे में नेपाल के कठिन रास्ते से यह कामयाबी हासिल करने वाले टायलर पहले गैर-शेरपा बन गए हैं।

जहां आम पर्वतारोहियों को पहाड़ों के ऊंचे और कम ऑक्सीजन वाले माहौल में खुद को ढालने में हफ्तों का समय लगता है और वे बेस कैंप से शिखर तक की दूरी 4 से 7 दिनों में तय करते हैं, वहीं टायलर ने इसे एक ही रात में मुमकिन कर दिखाया।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96